RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-239 जयपुर, बुधवार, 25 फरवरी 2026 मूल्य-4 रुपये

केंद्रीय कैबिनेटः रेलवे की कई तीसरी और चौथी लाइनों का भी किया जाएगा विस्तार

## 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स से रेलवे यातायात होगा सुगम, केरल का नाम होगा 'केरलम'

नई दिल्ली




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए पीएम कार्यालय सेवा तीर्थ में हुई पहली कैबिनेट बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी। बुनियादी ढांचे को मजबूती देने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, केंद्रीय कैबिनेट ने कुल 12,236 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इस बड़े निवेश का मुख्य हिस्सा रेलवे और शहरी परिवहन के विस्तार पर केंद्रित है, जिसमें गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए सबसे अधिक 5,236 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

इसके अलावा, रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए पुनरख-किऊल की तीसरी और चौथी लाइन के लिए 2,668 करोड़ रुपये तथा गम्हरिया-चांडिल की तीसरी व चौथी लाइन के लिए 1,168 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। विमानन और शहरी यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से श्रीनगर में 1,667 करोड़ रुपये की लागत से एक नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 28 के विस्तार (1,067 करोड़ रुपये) को भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है।

वित्तीय आवंटन के अलावा, कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण नीतिगत और कृषि संबंधी फैसलों पर भी मुहर लगाई है। एक प्रमुख नीतिगत फैसले के तहत, राज्य का नाम 'केरल' से बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। ऊर्जा क्षेत्र की दक्षता बढ़ाने के लिए नए पावर सेक्टर रिफॉर्म्स को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र और किसानों को वित्तीय सुरक्षा देते हुए, कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है, जिसके लिए 430 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। पिछली बैठक 13 फरवरी को हुई थी, जो साउथ ब्लॉक के पुराने पीएम कार्यालय में हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुराने कार्यालय में आखिरी बैठक में प्रधानमंत्री ने कई यादें साझा कीं।

### पीएम मोदी ने पिछली बैठक में पुरानी यादें साझा की

प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को बताया कि देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू को पहली चार कैबिनेट बैठकें राष्ट्रपति भवन में करनी पड़ीं थी। प्रधानमंत्री ने बताया कि साउथ ब्लॉक के कार्यालय में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के पहले चार बड़े युद्धों के लिए रणनीति भी साउथ ब्लॉक के वार रूम में बनाई गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी साप्ताहिक कैबिनेट बैठकों में सिर्फ एजेंडा पर ही बात नहीं करते बल्कि पूरे सप्ताह चर्चा में रहने वाली अहम बातों पर भी चर्चा करते हैं और मंत्रियों से भी फीडबैक लेते हैं।

इस दौरान प्रधानमंत्री उम्मीद करते हैं कि सभी लोग कुछ न कुछ अच्छी खबर भी बताएं, फिर चाहे वो मंत्रालय से जुड़ी हो या फिर व्यक्तिगत।

सेवा तीर्थ में पहली कैबिनेट बैठक में भी उम्मीद की जा रही है कि मंत्री अच्छी खबर साझा करेंगे, जिससे बैठक में सकारात्मक माहौल बने।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई इस पहल का मकसद कैबिनेट के सभी सदस्यों को प्रेरित करना है।

कैबिनेट सचिवालय, जो पहले राष्ट्रपति भवन में स्थित था, उसे भी सेवा तीर्थ में शिफ्ट कर दिया गया है।

कांग्रेस की किसान महाचौपाल में केन्द्र पर बरसे राहुल

## ट्रंप का दावा था कि पीएम ने फोन पर डील साइन करने का किया था वादा

भोपाल



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया। राहुल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बोल रहे थे। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था।

राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया। प्रधानमंत्री ने लोकसभा से निकलते ही ट्रंप को फोन किया और बिना कैबिनेट से सलाह लिए डील के लिए तैयार होने की बात कह दी। सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा। अमेरिका से ट्रेड डील दबाव और धमकी के कारण किया गया। एपस्टीन फाइल और अडाणी से जुड़े मामलों की वजह से सरकार झुकी।

इस डील से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ। भारत को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा और हर साल अमेरिका से भारी मात्रा में सामान खरीदना पड़ेगा। अगर अमेरिका से कपास और अन्य सामान सस्ते में आएंगे, तो भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री और स्थानीय उद्योग कमजोर हो जाएंगे।

### प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी, सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। खड़गे ने कहा अगर नाम बदलना ही राजनीति है तो प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए, क्योंकि उनका जन्म कांग्रेस शासनकाल में हुआ था। उन्होंने मनरेगा समेत कई योजनाओं के नाम बदलने पर सवाल उठाए। प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से अपनी बात नहीं रख पाते और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दबाव में फैसले लेते हैं।

## चार्टेड प्लेन ऑपरेटर्स के लिए नियम सख्त

**नई दिल्ली।** एविएशन पर नजर रखने वाली संस्था DGCA ने नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर (चार्टेड प्लेन, एयर एंबुलेंस) के लिए नियम सख्त कर दिए हैं। अब ऑपरेटर्स को अपनी वेबसाइट पर प्लेन की मेंटीनेंस हिस्ट्री को सार्वजनिक करना होगा। इसके साथ ही यह भी बताना होगा कि विमान कितना पुराना है। दरअसल झारखंड में एक चार्टेड प्लेन के क्रैश होने के बाद DGCA ने मंगलवार को ऐसे सभी ऑपरेटरों के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग में ऑपरेटर्स को उनके सेफ्टी रिकॉर्ड के आधार पर रैंक करने का भी प्रस्ताव दिया गया है।

## अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**लखनऊ।** यौन उत्पीड़न के आरोप का सामना कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अब अपनी अग्रिम जमानत के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दस्तक दी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। शंकराचार्य ने अधिवक्ता राजर्षि गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के जरिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई है। जल्द ही इस पर सुनवाई हो सकती है। दरअसल, तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने 173 (4) के तहत जिला कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी।

## डॉक्यूमेंट पर साइन नहीं करने पर सरकारी-स्कूल प्रिंसिपल को लाठी से पीटा

बीकानेर



बीकानेर में एक युवक ने सरकारी स्कूल में घुसकर लाठी से प्रिंसिपल का पैर तोड़ दिया। प्रिंसिपल ने बताया - युवक नशे में था। जाति प्रमाण-पत्र के अधूरे दस्तावेजों पर साइन करने से मना किया तो आरोपी भड़क गया। इस पर गाली-गलौज करते हुए पहले चाय की भगोनी ऊपर फेंक दी, फिर लाठी से हमला कर दिया और बोला, 'मुझे मुकदमे का डर नहीं, जो करना है कर ले।' घटना 23 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कुंपालसर में हुई।

प्रिंसिपल किशनाराम कायल ने बताया कि 23 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे कुंपालसर निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र सोहनराम स्कूल में जाति प्रमाण-पत्र के फॉर्म पर साइन करवाने आया था। फॉर्म अधूरा था, इसलिए उसे पूरा भरकर लाने के लिए वापस भेज दिया गया।

इसके बाद दोपहर करीब 1:15 बजे रामचंद्र उसी फॉर्म पर साइन कराने स्कूल पहुंचा। लेकिन फॉर्म अधूरा ही था। पूरी जानकारी भरने के लिए कहने पर आरोपी रामचंद्र भड़क गया। गाली-गलौज करते हुए उसने धक्का-मुक्की की और जमीन पर गिराकर मारपीट की। प्रिंसिपल ने उठने की कोशिश की तो पास में इंडक्शन चूल्हे पर रखा चाय का स्टील का भगोना उठाकर उनके सिर पर मारने की कोशिश की गई। बचाव के दौरान प्रिंसिपल ने हाथ से रोकने की कोशिश की, जिससे उनके हाथ में गहरी चोट आई।

पश्चिम बंगाल एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट बोला-

## ओडिशा-झारखंड के सिविल जज करेंगे वेरिफिकेशन में मदद

नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना सबसे जरूरी है। समय कम है और काम बहुत बड़ा है। ऐसे में न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दे दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, एसआईआर प्रक्रिया में लगा सकते हैं। यदि इसके बाद भी मानव संसाधन की कमी हो तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद ली जा सकती है। अदालत ने दोनों राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा है।

सुनवाई के दौरान बताया गया कि अब तक 294 जिला और अतिरिक्त जिला जज एसआईआर के अंतिम चरण में तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद यह संख्या पर्याप्त नहीं मानी गई। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि यदि एक जज रोज 250 मामलों की सुनवाई करे तो भी पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 80 दिन लग सकते हैं। जबकि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होनी है। इसलिए समय की भारी कमी है।

मुख्य न्यायाधीश अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर और जूनियर डिवीजन) तैनात कर सकते हैं, जिनके पास कम से कम तीन साल का अनुभव हो।

पहले से तैनात जिला और अतिरिक्त जिला जजों के अलावा जरूरत के अनुसार और न्यायिक अधिकारी लगाए जा सकते हैं।

## धर्मांतरण गैंग का पर्दाफाश, दो बहनें मिलकर बिछाती थीं जाल, 4 गिरफ्तार

भोपाल



भोपाल में धर्म परिवर्तन और शोषण से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. जिसने पूरे शहर को हिला कर रख दिया है. आरोप है कि अमरीन और आफरीन नाम की दो बहनों ने मिलकर एक संगठित गैंग खड़ा कर रखा था, जो गरीब परिवारों की लड़कियों को नौकरी और मदद का लालच देकर अपने जाल में फंसाती थीं.

इसके बाद उन्हें ब्लैकमेल कर मानसिक, शारीरिक शोषण और जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता था.

बाग सेवनिया थाना पुलिस ने दो पीड़ित महिलाओं की शिकायत पर एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का गंभीर मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस ने अमरीन खान उर्फ माहिरा, आफरीन और चंदन यादव सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. इस मामले ने प्रशासन और समाज दोनों को गहरी चिंता में डाल दिया है.

जानकारी अनुसार, पीड़िता के पति का निधन हो चुका है और उसके दो बच्चे हैं. वह कैटरिंग सर्विस में वीआईपी वेटर का काम करती थी. पीड़िता ने बताया कि 2023 में एक मॉल में उसकी मुलाकात अमरीन उर्फ माहिरा से हुई. अमरीन ने 10 हजार रुपए महीने पर बच्ची को संभालने का काम दिलाने का झांसा देकर उसे अशोका गार्डन स्थित घर पर रख लिया. बाद में उसे सागर रॉयल विला वाले मकान बुलाया जाने लगा. यहां अमरीन बॉयफ्रेंड चंदन के साथ रहती थी.

साथ ही दिसंबर 2024 में नारायण नगर स्थित चंदन की बहन के घर ले जाकर चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया गया. जब महिला ने विरोध किया तो बदनामी की धमकी दी गई.

## एआई इम्पैक्ट समिट में शर्टलेस प्रदर्शन के मामले में युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय गिरफ्तार

नई दिल्ली



एआई इम्पैक्ट समिट हंगामा मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उन्हें आज सुबह तिलक मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी और आरोप लगाया कि चिब ही घटना के मास्टरमाइंड हैं। प्रदर्शनकारी उनके निर्देश पर भारत मंडपम में आयोजित समिट में घुसे थे। चिब ने ही उनको लॉजिस्टिक हेल्प की थी।

इधर एआई समिट मामले की जांच दिल्ली पुलिस की इंटर-स्टेट क्राइम ब्रांच टीम को सौंपी गई। चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने लिखा कि चिब की गिरफ्तारी असंवैधानिक और तानाशाह नरेंद्र मोदी की सनक का नतीजा है। दरअसल, 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर एआई समिट के दौरान शर्टलैस होकर पीमए मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी इज कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे। कोर्ट रूम लाइव दिल्ली पुलिस चिब का अन्य आरोपियों से आमना-सामना कराना और बड़ी साजिश की जांच के लिए कस्टोडियल पूछताछ जरूरी है। कुछ आरोपी फिलहाल जम्मू, अमेठी और हिमाचल प्रदेश में मौजूद हैं। चिब के वकील प्रदर्शनकारियों से 7 से 8 टी-शर्ट बरामद हुई हैं। टी-शर्ट कहीं भी छपवाई जा सकती हैं, पुलिस पूरी फैक्ट्री की जांच की बात कर रही है, केवल इस आधार पर कस्टोडियल इंटरोगेशन की जरूरत नहीं है।

## प्रधानमंत्री की 28 को प्रस्तावित अजमेर यात्रा, मुख्यमंत्री ने देखी तैयारियां

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अजमेर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभा स्थल कायड़ विश्राम स्थली का अवलोकन किया और उच्च अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शर्मा ने आयोजन स्थल पर आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग, यातायात, सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि यातायात सुचारू रहने के साथ पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस मौके पर राजस्थान को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास की सौगातें देंगे। इस दौरान एचपीवी वैक्सीन की लॉन्चिंग भी की जाएगी। साथ ही, बड़ी संख्या में युवाओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए। इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन पर भड़के पूर्व नौकरशाह

## लोकतांत्रिक विरोध राष्ट्र के सार्वजनिक अपमान का लाइसेंस नहीं

### 277 हस्तियों ने एआई-समिट में शर्टलेस प्रदर्शन की निंदा की

नई दिल्ली



देश की 277 हस्तियों ने एआई इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के 'शर्टलेस' (कमीज उतारकर) विरोध प्रदर्शन की निंदा की है। इनमें पूर्व हाईकोर्ट जज, सेवानिवृत्त अफसर, पूर्व राजदूत, सेना और पुलिस के रिटायर्ड वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इन हस्तियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यह प्रदर्शन राष्ट्रीय गरिमा के खिलाफ, सोची-समझी हरकत और बिना सोच-विचार की राजनीति का उदाहरण है। बयान पर हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस बी सी पटेल समेत 26 पूर्व जज, 102 रिटायर्ड अफसर इनमें 11 पूर्व राजदूत, 149 पूर्व सैन्य और पुलिस अधिकारियों ने दस्तखत किए हैं।

दरअसल, 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर एआई समिट के दौरान शर्टलैस होकर पीएम मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी इज कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे।

### प्रदर्शन देश की छवि खराब करने वाला

जब दुनिया के बड़े टेक्नोलॉजी नेता, उद्योगपति और विदेशी प्रतिनिधि भारत के भविष्य की भूमिका देखने के लिए जमा हुए थे, तब इस तरह का प्रदर्शन देश की छवि खराब करने वाला था। प्रदर्शन का मकसद दुनिया के निवेशकों और साझेदार देशों को यह दिखाना था कि भारत में अस्थिरता है। उन्होंने ऐसी राजनीतिक संस्कृति को मिलकर अस्वीकार करने की अपील की, जो देश को बदनाम करने में गर्व महसूस करती है।

इंटरनेशनल और हाईलेवल कार्यक्रम में इस तरह का विरोध करना दिखाता है कि कुछ लोग देश की प्रतिष्ठा से ज्यादा अपनी राजनीति को महत्व देते हैं। यह कोई अचानक हुआ विरोध नहीं था, बल्कि पहले से सोची-समझी साजिश थी। इस तरह का प्रदर्शन देश के वैज्ञानिकों की मेहनत, इंजीनियरों की उम्मीदों और 140 करोड़ भारतीयों का अपमान है।

क्यूआर कोड के जरिए कार्यक्रम स्थल में प्रवेश कर कपड़े उतारकर नारेबाजी करना सुरक्षा और शिष्टाचार दोनों का उल्लंघन है। इसे राष्ट्रविरोधी बताया गया, जिससे दुनिया के सामने गलत मैसेज गया।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए

### थरूर-अखिलेश समेत 64 टीम लीडर्स, दूसरे देशों के साथ कूटनीतिक रिश्ते मजबूत करेंगे

नई दिल्ली

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को 64 देशों के साथ पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स का गठन किया है। इन ग्रुप्स का मकसद दूसरे देशों के साथ संसदीय कूटनीति को मजबूत करना और वैश्विक मंच पर भारत की संसद की एकजुट लोकतांत्रिक आवाज पेश करना है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद क्क्रू मोदी ने भारत और अन्य देशों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए क्क्लत बनाने का प्रस्ताव दिया था। अब लोकसभा अध्यक्ष ने इसका गठन किया है।

64 ग्रुप्स में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 704 सांसद हैं। हर ग्रुप में एक लीडर और 10 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 30 ग्रुप लीडर हैं। कांग्रेस के 10, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और तृणमूल कांग्रेस के 3-3 सांसद ग्रुप लीडर बनाए गए हैं।

भाजपा की तरफ से ग्रुप लीडर्स में हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, निशिकांत दूबे जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस से शशि थरूर, TMC से अभिषेक बनर्जी और AIMIM चीफ असदुद्दीन औवेसी भी ग्रुप लीडर बनाए गए हैं।

## पिकअप वैन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी, पांच की मौत, 7 घायल

अमरावती (एजेंसी)। महाराष्ट्र के अमरावती जिले से सोमवार को धारणी तालुका के रानीगांव घाट मार्ग पर एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात गंभीर रूप से घायल हुए। सभी घायलों का अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह दुर्घटना रानीगांव घाट सेक्शन में शिवाझिरी गांव पास हुई। जानकारी के मुताबिक पिकअप वैन संकरी और घुमावदार पहाड़ी सड़क से गुजर रही थी। इसी दौरान चालक का नियंत्रण खो गया। संतुलन बिगड़ते ही वैन सड़क से फिसलकर सीधे गहरी खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा बेहद भीषण था। वाहन के खाई में गिरते ही उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी सटीक जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। संकरी घाट सड़क और गहरी खाई के कारण बचाव अभियान में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों ने भी राहत और बचाव कार्य में मदद की। कई घंटों की मशक्कत के बाद घायलों को खाई से बाहर निकाला। सभी सात घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक कुछ घायलों की हालत गंभीर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि दुर्घटना चालक की लापरवाही, तेज रफ्तार या किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हिमाचल भवन में आधी रात पहुंची दिल्ली पुलिस... हंगामे का वीडियो वायरल

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की राजधानी दिल्ली स्थित हिमाचल भवन में रात को पुलिस की अचानक एंट्री का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे वहां ठहरे लोगों में हड़कंप मच गया था। वायरल क्लिप में देखा जा सकता है कि पुलिसकर्मी बिना कोई स्पष्ट वारंट दिखाए हिमाचल भवन के कमरों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं, जिस पर मौजूद लोग विरोध कर रहे हैं और पूछ रहे कि सरकारी जगह पर बिना आदेश कैसे प्रवेश हो सकता है। एक महिला, जो खुद को एडवोकेट बता रही है, कैमरे के सामने यह भी पूछती दिखती हैं कि 卐सर, आपने मेरे कमरे में घुसने के लिए अनुमति कैसे दी? महिला पुलिसकर्मी कहां हैं?卐 और एक व्यक्ति समय बताकर कहता है कि यह सवा 12 बजे के करीब हुआ था। विरोध के बाद पुलिस वापस लौटती दिख रही है। इस घटना ने हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक सियासत भी गरमाई है। धर्मशाला से बीजेपी विधायक सुधीर शर्मा ने सवाल उठाया है कि हिमाचल सरकार दिल्ली किस उद्देश्य से गई थी, क्या यह रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) की बहाली की मांग के लिए था या किसी और मायने में? उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की है। कुछ रिपोर्टों में यह भी चर्चा है कि दिल्ली पुलिस संभवतः एआई समिट के दौरान टी-शर्ट उतारकर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को खोजने के सिलसिले में हिमाचल भवन तक पहुंची थी, जहां पर कुछ प्रदर्शनकारी ठहरे हुए थे। लेकिन इस बारे में पुलिस की तरफ से कोई आधिकारिक बयान अभी तक नहीं आया है।

## छह महीने पहले ही जिसे किया डिपोर्ट वहीं बांग्लादेशी महिला फिर मुंबई में पकड़ाई

### -पिछले दो सालों में 1237 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया था

कश्मीर (एजेंसी)। मुंबई में अवैध रूप से रह रही 46 साल की बांग्लादेशी नागरिक राबिया नासिर को बांग्लादेश डिपोर्ट किया गया था, लेकिन हाल ही में वह विले पार्ले इलाके से फिर गिरफ्तार की गई है। उसे छह महीने पहले ही मीरा-भायंदर से गिरफ्तार कर डिपोर्ट किया था। मुंबई के अलग-अलग इलाकों से पिछले महीने पकड़ी गई जुलेखा जमाल शेख और बिलकिस बेगम सिरमिया अख्तर ने भी पुलिस को बताया कि उन्हें अगस्त 2025 में बांग्लादेश भेजा गया था, लेकिन वे अवैध तरीके से फिर भारत लौट आई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राबिया पिछले 25 सालों से मीरा-भायंदर में घरेलू सहायिका के रूप में काम कर रही थी, उसने पुलिस को बताया कि वह जंगलों के रास्ते सीमा पार कर वापस भारत में दाखिल हुई। आरोप है कि कुछ लोग सीमा सुरक्षा कर्मियों को रिश्वत देकर दोबारा भारत में घुस रहे हैं। राज्य में अवैध प्रवासियों के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई के तहत पिछले दो सालों में 1237 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। मुंबई महानगर क्षेत्र के साथ-साथ पूरे राज्य में गिरफ्तारियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि मुंबई के सभी 93 पुलिस थानों को अवैध प्रवासियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में एक हजार से ज्यादा अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट किया गया था। 2026 में भी सैकड़ों लोगों को पकड़ा है, जिन्हें जल्द ही डिपोर्ट किया जाएगा। बता दें राबिया नासिर को 8 अगस्त 2025 को मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस ने डिपोर्ट किया था। हाल ही में उन्हें विले पार्ले (पश्चिम) से एक गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया। इसके अलावा, पिछले सप्ताह वर्सोवा पुलिस ने अंधेरी (पश्चिम) से 21 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया था, जिनमें 18 ट्रांसजेंडर शामिल थे। पुलिस ने बताया कि सभी के खिलाफ एफआरओ को रिपोर्ट भेज दी गई है ताकि जल्द से जल्द डिपोर्टेशन की कार्रवाई की जा सके।

## पुलिसकर्मियों ने वायुसेना के जवान के साथ की मारपीट, कान का पर्दा फटा

कानपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के घाटमपुर क्षेत्र में भारतीय वायुसेना में तैनात एक जवान के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि पिटाई के दौरान जवान के कान का पर्दा फट गया। वह पिछले तीन दिनों से एयरफोर्स अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित की मां ने डीसीपी साउथ कार्यालय में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है, जिसके बाद जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के देवमनपुर गांव निवासी रेखा सचान के अनुसार, उनका बेटा नितीश सचान भारतीय वायुसेना में कार्यरत है। वह 19 फरवरी को नौरंगा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। देर रात करीब साढ़े 11 बजे, जब वह मूसानगर रोड स्थित एक गेस्टहाउस से पैदल घर लौट रहा था, तभी पुलिस की गश्ती टीम ने उसे रोक लिया।

# मैं कांग्रेस नेता की पत्नी को पाक एजेंट कहता हूं, अगर गलत लगे तो मुझ पर केस करें

### असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने गौरव गोगोई पर किया बड़ा हमला

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई पर बड़ा हमला बोला उन्होंने कांग्रेस गोगोई पर पाकिस्तान कनेक्शन को लेकर सनसनीखेज आरोप लगाए। एक इंटरव्यू में हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि उनकी लड़ाई गौरव गोगोई से नहीं, बल्कि पाकिस्तान से है। उन्होंने गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न को पाकिस्तानी एजेंट बताते हुए कहा कि ऐसे एजेंट भारत में नहीं चाहिए। उन्होंने चुनौती दी कि अगर उनके आरोप गलत हैं, तो गौरव गोगोई उन पर मुकदमा कर दें।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक इंटरव्यू में सरमा ने अलग-अलग मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मैं गौरव गोगोई की पत्नी को पाक एजेंट कहता हूं। अगर किसी को यह गलत लगे तो वह मुझ पर केस कर सकता है। अगर मेरे पास कुछ गैरकानूनी है तो वह भी ले लो। वह कोर्ट नहीं जाएंगे क्योंकि वह खुद गलत हैं। अगर उन्होंने झूठा आरोप लगाया है तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए। सरमा ने जोर देकर कहा कि अगर वह कांग्रेस में बने रहते और 'जी-हुजूरी' करते, तो शायद सीएम बन जाते, लेकिन उनके लिए आत्मसम्मान और असम की जनता का हित सबसे ऊपर है। उन्होंने असम में घुसपैठियों के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि राज्य की डेमोग्राफी को बदलने की कोई साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरमा ने कहा कि केंद्र और राज्य की 'डबल इंजन सरकार' ने ही असम का उद्धार किया है, जिससे विकास की रफ्तार तेज हुई और घुसपैठ पर लगाम लगी।

हिमंत सरमा ने कांग्रेस के शासन की तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में कोई इंजन नहीं था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय विकास कार्य नहीं होते थे। कांग्रेस के समय तुलना के लिए कुछ नहीं था। मोदी सरकार के 11 साल में काम नजर आ रहा है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उन्हें 'असामान्य' बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी असामान्य हैं। चैट जीपीटी भी राहुल को असामान्य बता देगा। इतनी ठंड में हाफ टी-शर्ट कैसे पहन सकता है? ठंड में हाफ टी-शर्ट नॉर्मल व्यवहार नहीं है। साधु-संतों के कम कपड़े समझ में आते हैं, लेकिन राहुल असामान्य हरकतें करते हैं।

वहीं, घुसपैठियों के मुद्दे पर सीएम सरमा ने कहा कि घुसपैठियों को बांग्लादेश भेजना जरूरी है। घुसपैठियों ने असम की जमीन पर कब्जा किया है। असम समझौते के बाद घुसपैठिए बढ़ गए। वो फैसला करें कि जमीन पर कब्जा नहीं करेंगे। वह फैसला करें कि 11 बच्चे नहीं करेंगे। हिंदू के 3 बच्चे, घुसपैठियों के 11 बच्चे? असम की अस्मिता की रक्षा करनी होगी। मैं सेक्युलर लोगों से नहीं डरता हूं। उन्होंने स्पष्ट किया कि असम की अस्मिता और जनता की सुरक्षा उनके लिए प्राथमिकता है, और वे किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। असम समझौते के बाद घुसपैठिये बढ़ गए. वो फैसला करें कि जमीन कब्जा नहीं करेंगे, वो फैसला करें कि 11 बच्चे नहीं करेंगे। हिंदू के 3 बच्चे, घुसपैठियों के 11 बच्चे? असम की अस्मिता की रक्षा करनी होगी. मैं सेक्युलर लोगों से नहीं डरता हूं।

## रनवे पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ एक और तेजस, वायुसेना ने 30 विमानों की उड़ान पर लगाई रोक



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना का एक तेजस लड़ाकू विमान प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में एक अग्रिम एयरबेस पर लैंडिंग के वक्त संदिग्ध ब्रेक फेल होने के कारण विमान रनवे से आगे निकल गया। इस घटना में विमान के ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, हालांकि राहत की बात यह रही कि पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में कामयाब रहा। यह घटना 7 फरवरी की बताई जा रही है, जिस पर अभी तक वायुसेना की ओर से कोई औपचारिक सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए भारतीय वायुसेना ने एहतियाती कदम उठाते हुए लगभग 30 सिंगल-सीट तेजस जेट विमानों के पूरे बेड़े को अस्थायी रूप से उड़ान भरने से रोक दिया है। सूत्रों का कहना है कि विमानों की तकनीकी जांच और सुरक्षा मानकों की व्यापक समीक्षा पूरी होने तक यह बेड़ा जमीन पर ही रहेगा। तेजस विमान से जुड़ी यह तीसरी बड़ी घटना है। इससे पहले मार्च 2024 में जैसलमेर के पास एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था और दूसरी घटना नवंबर 2025 में दुबई एयरशो के दौरान सामने आई थी। हादसों के बीच वायुसेना अपनी मारक क्षमता बढ़ाने के लिए आधुनिक विमानों को शामिल करने पर जोर दे रही है। वायु शक्ति अभ्यास से पूर्व एक प्रेस वार्ता में वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने कहा कि बल अपने बेड़े में नई पीढ़ी के और भी अधिक विमानों को शामिल करने का इच्छुक है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में राफेल की भूमिका की सराहना करते हुए उसे चर्चा का केंद्र बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायुसेना और अधिक बहु-भूमिका लड़ाकू विमानों को शामिल करने पर विचार कर रही है, चाहे वह राफेल हो या कोई अन्य विमान। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

## 2021 से जनवरी 2026 तक केंद्र सरकार ने कबाड़ बेचकर कमाए 4,405 करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने सोमवार को कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत 2021 से जनवरी 2026 तक, उसने कबाड़ की बिक्री से कुल 4,405.28 करोड़ रुपए की आय प्राप्त की है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के मुताबिक दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच कबाड़ निपटान से 200.21 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई, जबकि जनवरी माह में स्वच्छता अभियान के तहत 5,188 कार्यालयों में 81,322 फाइलें छांटी गईं।

रिपोर्ट में विभाग के मुताबिक जनवरी में देशभर में 5,188 स्थानों पर सफाई अभियान सफलतापूर्वक चलाए गए। करीब 4.34 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान खाली हुआ है, जिसमें कोयला मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय का अहम योगदान रहा है। पिछले महीने, कबाड़ निपटान से 115.85 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई, जिसमें रेल मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय और कोयला मंत्रालय जैसे मंत्रालयों का अहम योगदान रहा।

वहीं, एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रभावी अभिलेख प्रबंधन के तहत 1,82,000 फिजिकल फाइलों की समीक्षा की गई, जिनमें से 81,322 फाइलें अनावश्यक पाई गईं। 5,57,852 जन शिकायतों का निपटारा किया गया साथ ही 1,032 सांसद संबंधी संदर्भों और 375 राज्य सरकार संबंधी संदर्भों का भी निपटारा किया गया। इसमें आगे कहा गया है कि फाइलों की संख्या कम करने की पहल को अपनाने से सक्रिय फाइलों के लिए औसत लेनदेन स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है, जो 2021 में 7.19 से घटकर जनवरी 2026 तक 4.31 हो गया है। जनवरी 2026 में बनाई गई कुल फाइलों में से करीब 93.81 फीसदी ई-फाइलें हैं। प्राप्त रसीदों में से करीब 95.29 फीसदी ई-रसीदें थीं और 65 मंत्रालयों और विभागों ने उल्लेखनीय स्तर पर कम से कम 90 फीसदी ई-फाइलों को अपनाया है। 26 जनवरी के लिए पंद्रह मंत्रालयों व विभागों की ई-रसीदों में 100 फीसदी हिस्सेदारी है।

# राज्यसभा चुनाव में तेलंगाना से कांग्रेस को लग सकता है झटका... केसीआर एक सीट पर दावा करने की तैयारी में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। बिहार में 5 सीटों पर चुनाव में एनडीए की जीत तय मानी जा रही है। वहीं तेलंगाना में भी 2 सीटों पर वोटिंग होनी है। इन दो सीटों पर कांग्रेस की जीत अब तक तय मानी जा रही थी, लेकिन अब खेल बदलता नाराज आ रहा है। इस राज्य में भाजपा इस स्थिति में नहीं है कि कांग्रेस को चुनौती दे, लेकिन भारत राष्ट्र समिति के नेता के. चंद्रशेखर राव ने एक उम्मीदवार खड़ा करने का फैसला लिया है। इन खबरों से कांग्रेस नेतृत्व को झटका लगाना लाजिमी है, जो पहले ही ज्यादातर राज्यों में सीटें जीतने की स्थिति में नहीं है। अप्रैल में दो सीटें खाली हो रही हैं। अब तक कांग्रेस तेलंगाना में मानकर चल रही थी कि इन दोनों सीटों पर आसानी से जीत मिल जाएगी।



लेकिन केसीआर ने जिस तरह से राज्य में राज्यसभा चुनाव को लेकर समीकरण बदलने की कोशिश की है, इससे कांग्रेस टेंशन में आ गई है। अब कांग्रेस के लिए स्पष्ट हो गया होगा कि मुकाबला गणित, गठबंधन और अन्य तमाम चीजों से तय होगा। मीडिया में खबरें हैं कि केसीआर किसी चर्चित व्यक्ति को उतारना चाहते हैं। विधानसभा रिकॉर्ड्स के अनुसार केसीआर के पास कुल 37 विधायक हैं। इसमें से 10 विधायक हैं, जो कांग्रेस के पास जा चुके हैं और उनकी अयोग्यता को लेकर मामला चल रहा है। इस मामले में 8 विधायकों पर बीआरएस की आपत्ति को स्पीकर ने खारिज किया है। वहीं दो पर अभी ट्राइब्यूनल में मामला लंबित है।

यदि एक राज्यसभा सीट जीतनी है, तब किसी भी दल को 41 विधायकों की जरूरत है। कुल 37 विधायकों का दावा करने वाली बीआरएस के साथ यदि उसके अपने सभी विधायक बने रहते हैं, तब बीआरएस को अलग से सिर्फ 4 विधायकों की ही जरूरत होगी। फिलहाल खबर है कि बीआरएस की ओर से उन दलों से वार्ता हो रही है, जिनके समर्थन से इस आंकड़े को हासिल कर सकते है। राज्य में कांग्रेस के पास 66 विधायक हैं। इसके अलावा सीपीआई के भी एक विधायक का कांग्रेस को समर्थन है। अब तक वह मान रही थी कि बीआरएस मुकाबले से दूर रहेगी। लेकिन जब एक राज्यसभा सीट हासिल करने की स्थिति केसीआर को दिखी, तब उन्होंने मुकाबले में उतरना ही ठीक समझा है।

फिलहाल पूरा मामला इस बात पर अटक गया है कि आखिर वे 10 विधायक किसके साथ जाते हैं, जो बीआरएस से बागी हुए हैं। इसके अलावा भाजपा और ओवीसी के एआईएमआईएम पर भी नजरें टिक गई हैं। राज्य में ओवैसी के पास कुल 7 विधायक हैं, जबकि भाजपा के पास भी 8 का समर्थन है। इस तरह से मुकाबला काफी पेंचीदा हो सकता है। साफ है कि एक सीट भले कांग्रेस आसानी से पा जाए, लेकिन दूसरी सीट जीतना टेढ़ी खीर बन सकता है। दरअसल कांग्रेस की आंतरिक कलह भी उसके लिए हालात मुश्किल कर रही है। दो सीटों में से एक पर अभिषेक मनु सिंघवी को फिर से भेजा जा सकता है। अब रही बात दूसरी सीट की, तब उसके लिए सीएम के सलाहकार वी. नरेंद्र रेड्डी का नाम भी चर्चा में है। इसके अलावा रिटायर्ड जज जस्टिस सुदर्शन रेड्डी भी मुकाबले में हैं।

## बिहार में शराबबंदी पर एनडीए में बगावत, भाजपा विधायक ने अपनी ही सरकार को दिखाया आईना

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान शराबबंदी का मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का केंद्र बन गया है। इस बार विपक्ष के हमले से ज्यादा सत्ताधारी दल भाजपा के अपने ही विधायक विनय बिहारी के बयानों ने सरकार की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। पश्चिमी चंपारण के लौरिया से विधायक विनय बिहारी ने राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून को पूरी तरह विफल बताते हुए इसे हटाने या सख्ती से लागू करने की मांग की है। उनके इस बयान ने न केवल एनडीए के भीतर मतभेदों को उजागर कर दिया है, बल्कि राजद और कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों को सरकार को घेरने का एक बड़ा मौका भी दे दिया है।



बेतिया में पत्रकारों से बातचीत के दौरान विनय बिहारी ने अपनी क्षेत्रीय भाषा भोजपुरी में तंज कसते हुए कहा कि शराब मिलअता, तबे ना लोगवा हिलअता, जिसका अर्थ है कि शराब मिल रही है, तभी लोग इसका सेवन कर रहे हैं। उन्होंने जमीनी हकीकत बयां करते हुए कहा कि आज राज्य में शराब धड़ल्ले से बिक रही है और पीने वाले तथा बेचने वाले दोनों ही जेल जा रहे हैं, लेकिन आपूर्ति नहीं रुक रही। विधायक ने यहां तक कह दिया कि शादियों और बारातों में जाने पर अक्सर लोग नशे की हालत में मिल जाते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कानून केवल कागजों तक सीमित है। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि या तो इस कानून को शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए या फिर इसे खत्म कर पुरानी व्यवस्था बहाल कर दी जाए ताकि राज्य को हो रहे आर्थिक नुकसान और जहरीली शराब से होने वाली मौतों को रोका जा सके।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2016 में बड़े दावों के साथ बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू की थी। तब से अब तक लाखों लीटर शराब जब्त की गई है और लाखों लोग जेल की हवा खा चुके हैं, लेकिन समय-समय पर जहरीली शराब कांड में होने वाली मौतों ने इस कानून की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े किए हैं। विनय बिहारी से पहले केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और रालोमो विधायक माधव आनंद भी इस कानून की समीक्षा की वकालत कर चुके हैं, लेकिन किसी एनडीए विधायक द्वारा इसे सीधे तौर पर हटाने की बात कहना पहली बार देखा गया है। इस बयान के बाद राज्य की सियासत में उबाल आ गया है। जहाँ एक ओर जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा और भाजपा प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने बचाव की मुद्रा अपनाते हुए कहा कि विधायक की बातों को गंभीरता से लेकर कानून को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, वहीं विपक्ष ने इसे सरकार की नाकामी करार दिया है। राजद और कांग्रेस प्रवक्ताओं का कहना है कि सरकार के भीतर ही इस कानून को लेकर एकराय नहीं है, जिसका सीधा फायदा माफिया और भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों को मिल रहा है। विपक्ष के अनुसार, पुलिस शराबबंदी को कमाई का जरिया बना चुकी है और आम जनता इसका खामियाजा भुगत रही है।

## अजित पवार विमान हादसे की रिपोर्ट 28 फरवरी से पहले आ जाएगी: मोहोल

### -भतीजे रोहित पवार ने कई बार हादसे को लेकर साजिश का अंदेशा जताया

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री रहे अजित पवार की मौत के मामले में कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। उनके भतीजे रोहित पवार ने कई बार साजिश का अंदेशा जताया है। वहीं केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री और सांसद मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता अजित पवार की जान लेने वाले विमान हादसे की शुरूआती रिपोर्ट 28 फरवरी को या उससे पहले जारी की जाएगी। पवार और चार अन्य लोगों की 28 जनवरी को बारामती हवाई अड्डे के निकट एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोहोल ने कहा कि शुरुआती रिपोर्ट घटना के दिन से एक महीने के भीतर, 28 फरवरी को या उससे पहले जारी कर दी जाएगी।। इस घटना को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं और एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के भतीजे रोहित पवार ने कई बार विमान कंपनी से जुड़ी कुछ अनियमितताओं



और अन्य तकनीकी गड़बड़ियों का दावा किया था। उन्होंने साजिश की भी आशंका जताई थी। शनिवार को कर्जत-जामखेड के विधायक ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर मांग की कि दुर्घटना की जांच पूरी होने तक नागर विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू को पद से इस्तीफा देने के लिए कहा जाए।

रोहित पवार ने पत्र में कहा कि वीएसआर कंपनी और राममोहन नायडू की पार्टी से इसके संबंधों को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इन संबंधों की जांच एक स्वतंत्र और सक्षम प्राधिकार द्वारा की जानी चाहिए और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से। पत्र की एक कापी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी भेजी गई है। मोहोल ने कहा कि एजेंसी द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि शुरुआती रिपोर्ट 28 फरवरी से पहले जारी कर दी जाएगी। जांच से जुड़ी हर जानकारी सबके सामने रखी गई है और रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी। मैं किसी की भी टिप्पणी पर कुछ नहीं कहना चाहता। नागर विमानन मंत्रालय ने 19 फरवरी को कहा था कि दुर्घटना के 30 दिनों के भीतर प्रारंभिक रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी।

महाराष्ट्र सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पिछले महीने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे की सीबीआई से जांच का आदेश देने का अनुरोध किया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने जानकारी दी। महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, फडणवीस ने कहा कि महायुति सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि विमान दुर्घटना के संबंध में सभी संदेह दूर हो जाएं

# कांग्रेस के शर्टलेस प्रदर्शन पर कोर्ट हुआ सख्त, चार यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान हुए हंगामे पर दिल्ली की एक अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रवि की कोर्ट ने विरोध प्रदर्शन के तरीके की तीखी आलोचना करते हुए इसे असहमति जताने का अनुचित तरीका करार दिया है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह शर्टलेस विरोध प्रदर्शन सार्वजनिक व्यवस्था पर एक सीधा हमला था, जिसने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की कूटनीतिक छवि को भी गंभीर नुकसान पहुंचाया है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए चार कार्यकर्ताओं को कोर्ट ने शनिवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों में बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, बिहार के प्रदेश सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना के नरसिंह यादव शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की हिरासत संबंधी अर्जी को स्वीकार करते हुए मजिस्ट्रेट ने टिप्पणी की कि आरोपी देश के विभिन्न दूर-दराज के इलाकों से ताल्लुक रखते हैं, जिससे उनके फरार होने की आशंका प्रबल है। कोर्ट ने जांच के प्रारंभिक निष्कर्षों का हवाला देते हुए बताया कि इस घटना के पीछे किसी बाहरी साजिश के संकेत मिल रहे हैं, जो मामले की गंभीरता को और अधिक बढ़ा देते हैं।

अदालत के आदेश के अनुसार, इन आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने वैश्विक प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी वाले हाई-सिक्योरिटी क्षेत्र भारत मंडपम में घुसने की एक सुनियोजित साजिश रची। प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर ऐसी टी-शर्ट पहन रखी थीं, जिन पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के संदर्भ में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लिखे थे। पुलिस रिकॉर्ड और मेडिको-लीगल मामलों (एमएलसी) के आधार पर यह भी सामने आया है कि प्रदर्शन के दौरान सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डाली गई और पुलिसकर्मियों पर शारीरिक हमले किए गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में रेखांकित किया कि लोकतंत्र में असहमति जताने का अधिकार सबको है, लेकिन ऐसा आचरण वैध विरोध की सीमाओं का उल्लंघन करता है। समिट जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के दौरान इस तरह की हरकतें विदेशी हितधारकों के समक्ष देश की छवि को धूमिल करती हैं। कोर्ट ने यह भी माना कि आरोपियों के कई सहयोगी फिलहाल फरार हो सकते हैं, जो डिजिटल सबूतों और वित्तीय सुरागों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं।गहन जांच की आवश्यकता पर बल देते हुए अदालत ने कहा कि ये अपराध अंतरराष्ट्रीय मंच पर सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 121 (लोक सेवक



को कर्तव्य से रोकने के लिए चोट पहुंचाना) और धारा 61(2) (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अब चारों आरोपियों को 25 फरवरी तक पुलिस हिरासत में रहकर पूछताछ का सामना करना होगा। इस घटना ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि राजनीतिक विरोध के गिरते स्तर पर भी एक नई बहस छेड़ दी है।

### होली से पहले खाद्य विभाग की कार्यवाही

# मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए जिले में तीन स्थानों से नमूने लिए, 45 किलो अवधिपार सामग्री करवाई नष्ट

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में होली के त्योहारी सीजन को देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को जिले के तीन अलग-अलग स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिले में 3 स्थानों पर विभिन्न खाद्य सामग्री के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए अजमेर भिजवाए गए तथा मौके पर 45 किलोग्राम अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई।

#### इन प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूने-

मैसर्स भवानी, जोधपुर स्वीट, त्रिवेणी चौराहा, माण्डलगढ़ से बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया। मैसर्स भगवान ट्रेडर्स, बस स्टेण्ड रोड, माण्डलगढ़ से कच्चीघानी सरसों तेल (ट्रेन मार्का) का सैम्पल लिया गया। साथ ही 40 किलोग्राम विविध अवधिपार खाद्य सामग्री को मौके पर नष्ट करवाया गया। नमोकार ट्रेडर्स, पुराना हॉस्पीटल रोड, बीगोद से लाल मिर्च का नमूना जांच हेतु भेजा गया तथा 5 किलोग्राम अवधिपार चॉकलेट मौके पर नष्ट करवाई गई।

#### जांच रिपोर्ट के बाद होगी कानूनी कार्रवाई

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि त्योहारी सीजन में आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ विभाग की सख्त निगरानी जारी है। सभी नमूनों को प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव, प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजवीर सिंह चारण, अंकित शर्मा, फहद खान एवं डॉ. गोवर्धन लाल कुम्हार, पवन कुमार उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं निर्माण/समाप्ति तिथि की जांच अवश्य करें।

## लाडपुरा में एनिकट निर्माण व मरम्मत की मांग तेज

### टूटे हिस्से से व्यर्थ बह रहा वर्षा जल, जलस्तर गिरने की आशंका

स्मार्ट हलचल | लाडपुरा



लाडपुरा चौराहा एवं भैरूजी मंदिर खाल के समीप स्थित एनिकट का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि टूटे हुए भाग के कारण वर्षा जल का ठहराव नहीं हो पा रहा और पानी बहकर व्यर्थ चला जाता है, जिससे भविष्य में भू-जल स्तर गिरने की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि एनिकट का टूटा हुआ हिस्सा काफी बड़ा है और समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो मिट्टी का कटाव भी बढ़ सकता है। इससे आसपास के खेतों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से शीघ्र संज्ञान लेकर स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि एनिकट का पुनर्निर्माण या सुदृढ़ मरम्मत कर दी जाए तो वर्षा जल का संचयन बेहतर होगा और क्षेत्र में जलस्तर बढ़ेगा। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा और जल संकट से राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि टूटे हुए हिस्से की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि वर्षा जल का उचित ठहराव सुनिश्चित हो सके और ग्रामवासियों को राहत मिल सके।



**स्मार्ट हलचल**| अपनी पुर्ण लालिमा को समेटे ढलती सांझ के इस सुर्यास्त का ये नजारा कोटा रोड से कैद किया गया है, जहां पक्षी भी अपने होंसले से घौंसले की और लोट रहे हैं, इस उम्मीद के साथ कल का नया सवेरा एक नया दिन लेकर आएगा.। फोटोः राजेश जीनगर

## बकरियां चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, मुख्य सरगना सहित 3 आरोपी गिरफ्तार, 5 लाख की 37 बकरियां बरामद

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पुलिस थाना रायपुर ने बकरियां चोरी करने वाली अंतरजिला गैंग का पर्दाफाश करते हुए मुख्य सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 5 लाख रुपये की कीमत की 37 चोरी हुई बकरियां बरामद कर ली हैं तथा वारदात में प्रयुक्त लोडिंग टेम्पो भी जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिले में चोरी, नकबजनी व लूट की वारदातों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज (आरपीएस) व वृत्ताधिकारी गंगापुर सुदर्शन पालीवाल (आरपीएस) के सुपरविजन में थाना रायपुर के थानाधिकारी शंभू दयाल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

### घटना का विवरण

11 फरवरी 2026 को परिवादी देवीलाल पुर्बिया निवासी रायपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 फरवरी 2026 की रात उसके बाड़े में बंधी 37 बकरियां अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस पर प्रकरण संख्या 53/2026 धारा 303(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### ऐसे करते थे वारदात

जांच में सामने आया कि गैंग का एक सदस्य स्थानीय निवासी होने के कारण दिन में रैकी करता था और रात में अन्य साथियों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से मुख्य सरगना नाथु सिंह सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों ने पूछताछ में अन्य चोरियों को भी स्वीकार किया है, जिनमें ट्रैक्टर-ट्रॉली व भैंस चोरी की घटनाएं शामिल हैं।

### गिरफ्तार आरोपी

हरिशंकर (28) निवासी बेठुम्बी, थाना रेलमगरा जिला राजसमंद, रामेश्वर (32) निवासी बेठुम्बी, थाना रेलमगरा जिला राजसमंद, नाथु सिंह (38) निवासी मण्डोल, थाना रायपुर जिला भीलवाड़ा, पुलिस द्वारा आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ जारी है।

## 15 हजार की रिश्वत लेते हुए पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बानसूर



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खोहरी हल्का के पटवारी अतुल कुमार यादव को 15,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी अलवर प्रथम चौकी ने अनिल कयाल के सुपरविजन और उप अधीक्षक शब्बीर खान के नेतृत्व में कार्रवाई कों अंजाम दिया। डीएसपी शब्बीर खान ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसने ग्राम खोहरी में खरीदी गई साढ़े पांच बीघा जमीन का इंतकाल खोलने और रहन अंकन हटाने के बदले पटवारी रिश्वत मांग रहा था। सत्यापन में शिकायत सही पाई गई। इसके बाद मंगलवार कों टीम ने आरोपी को रिश्वत राशि लेते ही गिरफ्तार कर लिया गया। एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की गई। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वसुंधरा सेन हत्याकांड पर सेन समाज में आक्रोश, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

### दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** बीकानेर जिले के बज्जू उपतहसील अंतर्गत रणजीतपुरा (कुंडली) गांव में 13 वर्षीय बालिका वसुंधरा सेन के साथ हुई दरिंदगी और हत्या की घटना को लेकर प्रदेशभर में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में समाज के लोगों ने भीलवाड़ा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बीकानेर जिले के बज्जू क्षेत्र के रणजीतपुरा गांव की कक्षा 8वीं की छात्रा वसुंधरा सेन परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। बाद में उसका अर्धनग्न शव थाने से मात्र 500 मीटर की दूरी पर मिला। घटना ने न केवल स्थानीय क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। थाने के इतने निकट इस प्रकार की वारदात होना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस जघन्य अपराध को लेकर सेन समाज सहित विभिन्न संगठनों में भारी रोष है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री तक चार प्रमुख मांगें पहुंचाई गई हैं। पहली मांग में दोषियों की अविलंब पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की बात कही गई है। दूसरी मांग में मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराते हुए अपराधियों को मृत्युदंड दिए जाने की मांग की गई है। तीसरी मांग के तहत घटना स्थल के समीप थाना होने के बावजूद सुरक्षा में चूक के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। चौथी मांग में पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की अपील की गई है।

ज्ञापन में निवेदन किया गया है कि राज्य सरकार इस गंभीर प्रकरण को संवेदनशीलता से लेते हुए त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने नकली दूध बनाने के कारखाने का भंडाफोड़ किया



स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बाबरिया में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार देर रात नकली दूध बनाने के कारखाने का भंडाफोड़ किया हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा के नेतृत्व में टीम ने जगराम यादव के दूध कलेक्शन सेंटर पर छापा मारा। यहां से करीब 200 लीटर तैयार मिलावटी दूध, 500 लीटर संदिग्ध दूध, मिक्सर मशीनें, न्यूट्रीलाइट तेल, लैक्टोज पाउडर, इमल्सीफायर और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। जांच दल ने डेयरी कोड नंबर 724 को बंद कराने के निर्देश दिए और नमूने जांच के लिए लैब भेजे। जब्त मिलावटी दूध व सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सोनी हॉस्पिटल के पीछे रंगास्वामी बस्ती हटाने की प्रस्तावित कार्रवाई का विरोध

### कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर कार्यवाही रोकने की करी मांग




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के सोनी हॉस्पिटल के पीछे स्थित रंगास्वामी बस्ती में रह रहे करीब 25 घुमंतू परिवारों को हटाने की प्रस्तावित कार्रवाई के विरोध में जनाधिकार समिति एवं घुमंतू समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के नाम पर परिवारों को प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रतिनिधियों का कहना है कि पूर्व में भी इस प्रकार की कार्रवाई को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के विरुद्ध मानते हुए रोका गया था, लेकिन अब पुनः बिना वैकल्पिक व्यवस्था के आशियाने उजाड़ने की तैयारी की जा रही है।

समिति पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की नीति के अनुसार किसी भी निर्धन परिवार को विस्थापित करने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। बिना वैकल्पिक आवास के परिवारों को हटाना मानवीय अधिकारों के विरुद्ध है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि घुमंतू समाज ने देश के लिए योगदान दिया है, बावजूद इसके आज उन्हें मूलभूत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

ज्ञापन में मांग की गई कि रंगास्वामी बस्ती के विरुद्ध चल रही बेदखली की कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोका जाए तथा जब तक प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक उन्हें वहां से न हटाया जाए।

साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया तो घुमंतू समाज लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगा तथा आगामी चुनावों में सामूहिक मतदान बहिष्कार पर भी विचार किया जाएगा।

## बीकानेर में मासूम छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या, न्याय के लिए भीलवाड़ा में भी फूटा सेन समाज का आक्रोश

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



बीकानेर जिले के रणजीतपुरा (बज्जू) में आठवीं कक्षा की छात्रा वसुंधरा सेन की दुष्कर्म के बाद हुई निर्मम हत्या को लेकर पूरे प्रदेश में उबाल है। इस जघन्य अपराध के विरोध में और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए भीलवाड़ा के समस्त सेन समाज एवं हिंदू समाज ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

क्या है मामला?

बीकानेर के बज्जू थाना क्षेत्र में 21 फरवरी को 13 वर्षीय बालिका वसुंधरा सेन आठवीं बोर्ड की परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी, जिसके बाद वह लापता हो गई। बाद में बालिका का शव रोही क्षेत्र में अर्धनग्न अवस्था में मिला। परिजनों और समाज का आरोप है कि मासूम के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीण पिछले दो दिनों से बज्जू में धरना दे रहे हैं।

भीलवाड़ा सेन समाज ने प्रशासन के माध्यम से सरकार तक अपनी पांच सूत्री माँगें पहुंचाई हैं:

गिरफ्तारीः वारदात में शामिल सभी अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। फास्ट ट्रैक कोर्टः मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर अपराधियों को फांसी की सजा दी जाए।

आर्थिक सहायताः पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाए।

सरकारी संबलः परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और डेयरी बूथ आवंटित किया जाए।

सुरक्षाः भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को सख्त हिदायत दी जाए।

आंदोलन की चेतावनी

सेन समाज के प्रतिनिधियों ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और माँगें पूरी नहीं हुईं, तो यह आंदोलन केवल बीकानेर तक सीमित नहीं रहेगा। न्याय न मिलने की स्थिति में पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## गोबर के 1100 कंडों से जलेगी होली



स्मार्ट हलचल | पुर

पुर उपनगर में आचार्य समाज द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए इस वर्ष भी गोबर के कंडों से होली जलाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में आचार्यों की हथाई के पास विधि-विधान से गोबर के कंडों से होली की स्थापना की गई।

समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि पिछले वर्ष से ही पर्यावरण प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए हरे वृक्षों की कटाई नहीं करने और रबड़ के टायरों आदि से होली नहीं जलाने का संकल्प लिया गया था। पिछले वर्ष भी गोबर के कंडों से होली जलाई गई थी, जिसे समाज का भरपूर सहयोग मिला। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष होली के दिन 1100 गोबर के कंडों से होली दहन किया जाएगा।

समाजजनों का कहना है कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, इसलिए इस पर्व को किसी को नुकसान पहुंचाए बिना और पर्यावरण को प्रदूषित किए बिना मनाना सभी की जिम्मेदारी है। गोबर के कंडों से होली जलाने से जहां पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, वहीं हरे-भरे पेड़ों की कटाई पर भी रोक लगेगी।

साथ ही कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर हरे वृक्षों की कटाई कर माहौल खराब करने तथा आसपास के घरों को नुकसान पहुंचाने की आशंका को देखते हुए प्रशासन को सूचित करने और ऐसे तत्वों को पाबंद करवाने का निर्णय भी लिया गया है। आचार्य समाज की इस पहल को क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## भीलवाड़ा में 1800 निजी बसों के पहिए थमे, अनिश्चितकालीन हड़ताल से जनजीवन प्रभावित, पीएम मोदी की रैली में बसें नहीं देने की चेतावनी

स्मार्ट हलचल





**भीलवाड़ा।** राजस्थान में निजी बस ऑपरेटरों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर भीलवाड़ा जिले में व्यापक रूप से दिखाई दिया हैं। भीलवाड़ा में हड़ताल के चलते जिले की करीब 1800 निजी बसों के पहिए थम गए।

इसके साथ ही सोमवार मंगलवार की मध्यरात्रि करीब 12 बजे से ही भीलवाड़ा शहर के लैंडमार्क चौराहे पर बस ऑपरेटरों धरना प्रदर्शन भी किया। स्टैंड पहुंचे यात्रियों को खाली प्लेटफॉर्म और बंद टिकट खिड़कियां मिलीं, जिसके कारण कई लोगों को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी हैं। वहीं कई जगह पर ऑफिस भी बंद नजर आए जिन पर ताला लगा हुआ था। अचानक ठप हुई परिवहन व्यवस्था से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और यात्रियों को निजी वाहनों या अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा हैं। वहीं उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की राजस्थान में यात्रा और रैली है इसके तहत संगठन द्वारा उसमें बस नहीं दी जाएगी।

बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल सुखवाल ने बताया कि प्रदेशव्यापी आवाहन पर भीलवाड़ा में भी हड़ताल का समर्थन दिया जा रहा है रात 12 बजे के बाद कोई भी निजी बस संचालित नहीं हुई। भीलवाड़ा में करीब 1800 बसें बंद रहीं। इस हड़ताल में लोक परिवहन, स्कूल बस और फैक्ट्री बसें जो अनुबंध पर लगी थीं, वे भी बंद रहीं।

जिन स्कूलों और फर्मों के पास खुद की बसें हैं, उन पर इसका असर नहीं पड़ा। 11 फरवरी को जयपुर में विभिन्न संगठनों का महागठबंधन बनाकर 16 फरवरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में भी सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद हड़ताल का निर्णय लिया गया। टैक्सी यूनियन ने हड़ताल को समर्थन दिया है। आगामी दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की रैली है इस रैली में हम किसी भी प्रकार से संगठन द्वारा बस नहीं दी जाएगी हर बार परिवहन विभाग पार्टी पक्ष रैली में लोग जताने के लिए हमसे बस मांगते हैं हम नहीं देते हैं तो हम पर दबाव बनाते हैं लेकिन इस बार हम किसी भी तरीके से हम बस नहीं देंगे।

# भीलवाड़ा कस्तूरी कपास पैदा करेगा और इसका उपयोग भीलवाड़ा के उद्यमी कर सकेंगे, यह एक सराहनीय कदम है: पुरुषोत्तम शर्मा

स्मार्ट हलचल|गुरला



कॉन्फ़िडरेशन ऑफ़ इंडियन टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज कॉटन डेवलपमेंट एंड रिसर्च एसोसिएशन मुंबई द्वारा भीलवाड़ा में भारत कोटनेट 2026-27 का राष्ट्रीय अधिवेशन रखा गया। इस अधिवेशन में कस्तूरी ब्रांड कपास को टेक्सपोरोसिल द्वारा भीलवाड़ा जिले में किसानों के बीच में प्रारंभ करने की रस्म विधिवत उद्घोषित की गई।

इस अधिवेशन में कृषि विभाग, महाराणा प्रताप कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, बीज कंपनियां, भीलवाड़ा जिले के प्रमुख वस्त्र उद्यमी, सिटी के अधिकारी गण सम्मिलित हुए।

कपास विकास के लिए किए गए कार्य का मूल्यांकन एवं भावी योजना के लिए मंथन किया गया। सिटी के अध्यक्ष , उपाध्यक्ष दिनेश नौलखा, सहायक अध्यक्ष डॉक्टर एस एन मोदानी ने इस अधिवेशन में सक्रिय भाग लिया।

इस अवसर पर राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के किसान सम्मिलित हुए। पिछले वर्ष अधिक उपज लेने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पी एन शर्मा पूर्व प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर भीलवाड़ा जो कि निवृत्तमान उपनिदेशक कृषि है को विशेष रूप से उनके द्वारा कपास विकास में विशेष योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। शर्मा ने भीलवाड़ा जिले की 2007 में कपास की उपज 214 किलो रुई प्रति हेक्टर थी उसको 950 किलो रुई प्रति हेक्टर औसत पर पहुंचाया। विश्व का औसत 9 00 किलो रुई प्रति हेक्टर है जबकि भारत का औसत 460 किलो रुई है। उनके कपास की उपज के नो मंत्र प्रसिद्ध हुए। विशेष रूप से माइकोराइज़ा का प्रचलन कपास में भारत में पहली बार शर्मा ने प्रारंभ किया। उनके प्रयत्नो से भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ एवं राजसमंद जिले में माइकोराइजा का प्रचलन गेहूं मक्का अफीम ज्वार आदि फसलों में प्रचलित हो गया है। राजस्थान सरकार आज माइकोराइजा अनुदान पर वितरण कर रही है। शर्मा ने केवल कपास के लिए ही काम नहीं किया अपितु खेतों के बॉर्डर पर फलदार पौधे लगाने का अभियान स्तर पर कार्य किया जिससे कई गांव आज फलो के गांव के रूप में विकसित हुए हैं।

गोबर की खाद को अच्छी खाद बनाने के लिए विशेष कार्य किया। इनने कपास परियोजना में महिला सशक्तिकरण के हिसाब से 100% महिलाओं को चयनित किया भारत में यह पहला उदाहरण है। 10 किसानों को अधिक उपज के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिलवाये। पिछले वर्ष 11 किसानों को कॉटन एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के अनुरोध पर मुंबई प्रशिक्षण में भेजा जिसमें 6 महिलाओं ने भाग लिया। समस्त भारत से कपास पैदा करने वाले प्रांतो से किसान आए थे महिलाएं केवल भीलवाड़ा परियोजना से ही सम्मिलित हुई। शर्मा ने महिलाओं को प्रशिक्षण देकर विभिन्न तरह के आचार एवं सिरका बनाना सिखलाया ताकि वे अतिरिक्त आय कर सके एवं किसान परिवार के भोजन में परिवर्तन हो। सिटी सीडीआर ए के कार्यकर्ताओं को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। कस्तूरी योजना भारत सरकार की योजना है इसमें कस्तूरी ब्रांड फसल से लेकर कपड़े तक ट्रेसेबिलिटी रहेगी। भारत सरकार की यह अच्छी पहल है। भीलवाड़ा कस्तूरी कपास पैदा भी करेगा और इसका उपयोग भीलवाड़ा के उद्यमी कर सकेंगे। यह एक सराहनीय कदम है।

# सिंदडीयास गांव में रात के सन्नाटे में चोरों का क्रूर हमला

## मां की नथ चुरा फरार संगठित गिरोह

स्मार्ट हलचल| सुवाणा



भीलवाड़ा जिले के सुवाणा थाना क्षेत्र के सिंदडीयास गांव में आज सुबह करीब 3:30 बजे एक संगठित चोर गिरोह ने एक परिवार पर क्रूरता से हमला बोल दिया। चोरों ने घर की छत पर लकड़ी की बली चढ़कर अंदर घुस आए और सोते हुए देवबक्ष गाडरी के कमरे का दरवाजा लुंगी से बांध दिया, ताकि वह जाग न सके। इसी दौरान उन्होंने देवबक्ष की मां चांदू देवी की नाक से सोने की नथ (लगभग 12 ग्राम, मूल्य 1.80 लाख रुपये) उड़ा दी और फरार हो गए।

पीड़ित देवबक्ष गाडरी (पिताः घीसा गाडरी, मांः चांदू देवी) ने बताया, 'परिवार बरामदे और दरवाजों पर सो रहा था। चोरों ने सुनियोजित तरीके से पीछे से छत पर चढ़ाई की। घटना बेहद खतरनाक थी, क्योंकि उन्होंने परिवार की सुरक्षा को ताक पर रख दिया।' देवबक्ष ने तत्काल सुवाणा थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि आस पास के गावो के छष्ट'ङ्क फुटेज में चोरों की गतिविधियां की जांच करेंगी, साथ ही घटनास्थल पर लुंगी, ताला और अन्य सामान पर फिंगरप्रिंट्स मौजूद हैं। आसपास के मोबाइल लोकेशन्स से भी चोरों का पता लगाया जा सकता है। देवबक्ष (मोबाइलः 9799978983) ने पुलिस से फॉरेंसिक जांच और चोरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा, 'इससे गांववासियों का भरोसा बना रहेगा।' सुवाणा थाना प्रभारी ने जांच शुरू करने की पुष्टि की है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और सबूत इकट्ठा कर रही है। गांव में चोरी की यह घटना सनसनी फैला रही है। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। आगे की कार्रवाई जारी है।

# दोवनी में सातम बन्देज उद्यापन का भव्य समापन, 178 जोड़ों ने किया हवन यज्ञ



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** क्षेत्र के दोवनी गांव स्थित डूंगरी के देवनारायण भगवान मंदिर परिसर में पिछले 12 वर्षों से निरंतर आयोजित सातम बन्देज उद्यापन कार्यक्रम का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में 178 जोड़ों ने विधि-विधान से सामूहिक हवन यज्ञ कर भगवान विष्णु के नाम 2 लाख पवित्र आहुतियां अर्पित की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मेले में बच्चों, महिलाओं व युवाओं ने झूला-चकरी का आनंद लिया तथा स्टॉलों पर भी रौनक रही। समापन पर प्रसादी वितरण और रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व कोटड़ी प्रधान नीरज गुर्जर सहित पंचायत समिति सदस्य भंवर गुर्जर (सिंहपुरा), जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# विमुक्त-घुमंतू समाज का महासम्मेलन, आरक्षण व पुनर्वास पर गरजे प्रतिनिधि

## मुख्यमंत्री व मंत्रियों से मुलाकात, मांगों पर सकारात्मक पहल का भरोसा

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** जयपुर में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू समाज के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने अपने अधिकारों, आरक्षण तथा पुनर्वास से जुड़ी प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं विधायकों से मुलाकात कर मांग-पत्र सौंपा।

शाहपुरा क्षेत्र के डाबला चांदा निवासी तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जनअधिकार समिति चित्तौड़ प्रांत के संयोजक कालूलाल बंजारा के नेतृत्व में प्रांत क्षेत्र से सैकड़ों लोगों ने सम्मेलन में भाग लेकर एकता और संगठन का परिचय दिया। कालूलाल बंजारा ने बताया कि यह प्रबुद्धजन महासम्मेलन आदर्श विद्या मंदिर स्कूल, अंबाबाड़ी, जयपुर में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित प्रदेश के कई मंत्री और समाज के पदाधिकारी शामिल हुए।

सम्मेलन में ओबीसी, एमबीसी एवं टीएसपी आरक्षण के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इसके बाद समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री ओटाराम देवासी से उनके जयपुर निवास पर लगभग तीन घंटे तक विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान मंत्री देवासी ने संबंधित सरकारी विभागों में यह विषय उठाने तथा शीघ्र मुख्यमंत्री से बैठक कर एमबीसी से जुड़े मसलों पर ठोस पहल का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मंत्रियों से चर्चा कर समाधान निकालने तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि यह मामला अब सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है। महासम्मेलन में सहभागिता निभाने वाले सभी समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कालूलाल बंजारा ने कहा कि प्रदेश में जहां-जहां घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जातियों के लोग वर्षों से निवास कर रहे हैं, वहां से उन्हें बेदखल करने की कार्रवाई रोकी जाए और उन्हें वहीं पर पट्टे जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिनकी जड़ें इसी मिट्टी में हैं, उन्हें विस्थापित करना अन्याय होगा। इस मांग का समाजजनों ने जोरदार समर्थन किया।

इसके साथ ही सम्मेलन में टीएमसी में आरक्षण की मांग, घुमंतू जाति वर्ग में बागरिया व रबारी समाज से जुड़ी मांगें, लबाना, रायका सहित अन्य जातियों को सूची में जोड़ने, समाज के कार्मिकों का रिकॉर्ड संधारित करने की व्यवस्था करने, जातीय सूचियों में मौजूद विसंगतियों को दूर करने, गुरु गोरखनाथ बोर्ड का गठन कर समाज के व्यक्ति को अध्यक्ष बनाने तथा जयपुर में शोध केंद्र स्थापित करने जैसी अनेक महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। महासम्मेलन के माध्यम से समाज ने स्पष्ट संदेश दिया कि अपने अधिकारों और सम्मानजनक जीवन के लिए अब संगठित होकर निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

# डीएसटी टीम व पुलिस की कार्रवाई एक डंपर जब्त, चालक गिरफ्तार

## सवाईपुर चौकी के पास डंपर खाली करने का किया प्रयास





स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** जिला स्पेशल टीम व पुलिस ने सवाईपुर पुलिस चौकी के पास अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए, एक डंपर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया । डीएसटी टीम ने डंपर व चालक को बड़लियास थाना पुलिस को सौंपा । बड़लियास थाना एएसआई गोपाल सिंह ने बताया कि डीएसटी टीम व पुलिस ने सोमवार रात्रि को आकोला रोड से एक डंपर अवैध बजरी परिवहन करता दिखाई दिया, जिसको रोकना का प्रयास किया, इस पर चालक डंपर को नेशनल हाईवे से भीलवाड़ा की तरफ ले गया । वहीं चालक ने सवाईपुर पुलिस चौकी के पास डंपर से बजरी खाली करने का प्रयास किया, इस पर डीएसटी व पुलिस ने अवैध बजरी भरे डंपर व चालक रतन पिता देवीलाल नाथ निवासी चमनपुरा, बनेड़ा को गिरफ्तार किया । बड़लियास थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की । इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियों में हड़कंप सा मच गया ।।

सोमवार मध्य रात्रि को डीएसटी टीम व पुलिस ने की कार्रवाई करते हुए एक डंपर को जब्त किया । इस कार्रवाई से बचने के लिए डंपर चालक ने सवाईपुर पुलिस चौकी से महज कुछ दुरी पर ही अवैध बजरी से भरे डंपर को खाली करने का प्रयास करने लगा, लेकिन पीछे से आई डीएसटी व पुलिस ने डंपर सहित चालक को गिरफ्तार किया । हाईवे कुछ बजरी बिखर गई।

# जोगणिया माता शक्तिपीठ में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

स्मार्ट हलचल



मांडलगढ़ । चित्तौड़गढ़ लिटरेचर फेस्टिवल 2026 के अंतर्गत श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान की ओर से दिनांक 25 फरवरी 2026 को सांय 6 बजे से 9 बजे तक एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में धर्म, संस्कृति, पर्यावरण एवं साहित्य विषयों पर देशभर से आए विद्वान जन अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतों से प्रतिष्ठित साहित्यकार, कवि एवं लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को समृद्ध करेंगे। कवि गोष्ठी का आयोजन श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान द्वारा किया जाएगा। श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल्हापुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अर्जुन चव्हाण होंगे। विशिष्ट अतिथियों में श्री लोकेश कुमार साहिल (जयपुर), डॉ. सारंगा देश असीम (बिजनौर), श्री प्रमोद रामावत (नीमच) शामिल रहेंगे। डॉ. शकुंतला सरूपरिया के संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन में डॉ. राखी सिंह कटियार (वड़ौदरा), श्रीमती वंदना योगी (नीमच), श्री दिनेश दीवाना (भीलवाड़ा), डॉ. वीना जोशी (जयपुर), अवधेश जौहरी (भीलवाड़ा), श्री गोविंद गुप्ता, प्रशांत मिश्रा (लखीमपुर खीरी) सहित अन्य अतिथि कवि काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम में जयपुर की पारंगत बाल नृत्यांगनाएँ सुश्री दान्या जैन एवं सुश्री प्रियांशी द्वारा कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही एस.के. इवेंट की ओर से लोकनृत्य – राधा-कृष्ण फाग, चरी नृत्य आदि प्रस्तुत किए जाएंगे। भक्तजनों से विनम्र आग्रह है कि 'धर्म, संस्कृति, पर्यावरण एवं साहित्य' जैसे अद्भुत विषयों अंतर्गत लघु कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। कार्यक्रम स्थल – निर्माणाधीन नवग्रह ,नक्षत्र वाटिका, श्री जोगणिया माता शक्ति पीठ परिसर, गोशाला के समीप रखा गया।

फाल्गुन की उमंग में भक्ति के रंग

# भगतिया मंदिर नृसिंह द्वारा में स्वर्णकार समाज की महिलाओं का भव्य फागोत्सव कल

स्मार्ट हलचल| रमेश चंद्र डाड



**आकोला।** फाल्गुन मास की मस्ती, रंग और भक्ति से सराबोर वातावरण में बड़लियास कस्बे में स्वर्णकार समाज की महिलाओं द्वारा कल भगतिया मंदिर नृसिंह द्वारा में भव्य फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूर्णतः पारंपरिक स्वरूप में, गहन धार्मिक आस्था एवं समृद्ध सांस्कृतिक चेतना के साथ संपन्न होगा।

फागोत्सव के दौरान समाज की महिलाएं सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन, फाग गीत एवं होली से जुड़े भक्तिरसपूर्ण पदों की मनोहारी प्रस्तुतियां देंगी। राधा-कृष्ण की लीलाओं, फाल्गुन की रंगीन परंपराओं और भक्ति भाव से ओतप्रोत गीतों के माध्यम से भगतिया मंदिर नृसिंह द्वारा परिसर श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से गूंज उठेगा। महिलाओं की सक्रिय एवं सामूहिक सहभागिता इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहेगी।

स्वर्णकार समाज की सक्रिय सदस्य ललिता सोनी ने बताया कि फागोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना, धार्मिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना तथा समाज में आपसी सौहार्द, समरसता और एकता को और अधिक सुदृढ़ करना है। वहीं डिम्पल सोनू के अनुसार कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों की मधुरता और सामूहिक भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिलेगा, जो फाल्गुन की आत्मा को जीवंत करेगा।

स्वर्णकार समाज की ओर से महाराजा अजमीढ़ ब्रिगेड की महिला सचिव मंजू सोनी ने क्षेत्र के समस्त समाजजनों, श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर फागोत्सव की शोभा बढ़ाने तथा इस भक्तिमय आयोजन का पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

तहसील कार्यकारिणी की महिला सदस्य तारा सोनी ने जानकारी दी कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण कर ली गई हैं तथा अनुशासन, मर्यादा और परंपरा का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि यह फागोत्सव समाज के लिए एक स्मरणीय, प्रेरणादायी और आध्यात्मिक अनुभव बन सके।

# बाइकों की टक्कर, दो घायल



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे में कोटड़ी चौराहा से खजीना रोड़ पर दो बाइकों में टक्कर हो गई, जिसमें दो जने गंभीर घायल हो गए, घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया । सुचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची । कांस्टेबल रजनीश कुमार ने बताया कि खजीना रोड़ पर सड़क पर बने गड्ढे को बचाने के प्रयास में दो बाइकों में टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दो जने घायल हो गए । आकोला निवासी पवन दरगड पिता जगदीश दरगड़ को निजी वाहन से सवाईपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय रेफर किया, वही आकोला निवासी जगदीश नुवान पिता बंशी नुवान भी घायल हो गया, जिनको निजी वाहन की मदद से भीलवाड़ा भेजा गया । दुर्घटना के बाद मौके पर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लोगों की भीड़ लग गई।

# स्वर्णकार समाज शिव मंदिर में फागोत्सव की धूम



स्मार्ट हलचल

**आसींद।** होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में कस्बे के स्वर्णकार समाज शिव मंदिर में स्वर्णकार समाज महिला मंडल कि महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मंगलवार दोपहर फागोत्सव का आयोजन किया गया।

इस दौरान पूरा मंदिर परिसर अबीर-गुलाल और पुष्पों की खुशबू से सराबोर नजर आया। फागोत्सव के अवसर पर मातृशक्ति ने भगवान शिव की मनमोहक झांकी सजाई। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भगवान को गुलाल अर्पित कर होली खेलने की शुरुआत की गई। महिलाओं ने ठाकुर जी के साथ फूलों और गुलाल की होली खेलकर सुख-समृद्धि की कामना की। भजन-कीर्तन और नृत्य का उत्साह आयोजन के दौरान महिलाओं द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। 'होली खेल रहे बांके बिहारी...' जैसे फाग गीतों पर महिलाएं झूम उठीं और सामूहिक नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। रंगों के इस त्योहार में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर महिला मंडल स्वर्णकार समाज समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। स्वर्णकार समाज पदाधिकारी सुरेश सोनी ने बताया कि 'फाग उत्सव का यह आयोजन मातृशक्ति के लिए एक विशेष अवसर था, जहाँ सभी ने एकजुट होकर भक्ति के रंगों में सराबोर होकर भगवान की आराधना की और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

भाविप वीर शिवाजी शाखा की साधारण बैठक आयोजित, सेवा, समर्पण और संगठन के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी का किया गठन

# भारत विकास परिषद का उद्देश्य सेवा और संस्कार की भावना स्थापित करना: सुभाष मोटवानी

## कमलेश बोड़ाना अध्यक्ष, पंकज अग्रवाल सचिव, दीपक चोरडिया वित्त सचिव, सर्वसम्मति से मनोनीत

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद की वीर शिवाजी शाखा की साधारण बैठक उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित की गई। बैठक में वर्षभर किए गए सेवा कार्यों की विस्तृत समीक्षा के साथ आगामी सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् एवं संगठन प्रार्थना के साथ हुआ। सर्वप्रथम वित सचिव अनुराग वोहरा ने अपने वर्ष पर्यंत के कार्यकाल का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए शाखा द्वारा किए गए सेवा प्रकल्पों, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों, संस्कार आधारित गतिविधियों एवं जनसंपर्क अभियानों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शाखा ने वर्षभर सेवा, सहयोग एवं संस्कार के मूल मंत्र को अपनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। इसके पश्चात सचिव कमलेश बोड़ाना ने अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शाखा द्वारा रक्तदान शिविर, नेत्र जांच शिविर, गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन, भारत को जानो प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण अभियान तथा विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग को इन उपलब्धियों का आधार बताया। शाखा अध्यक्ष सुभाष मोटवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिषद का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में सेवा और संस्कार की स्थायी भावना स्थापित करना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया और आगामी समय में और अधिक सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। चुनाव प्रक्रिया के लिए नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक अरुण बाहेती की देखरेख में पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर संयोजक श्याम कुमावत एवं प्रांतीय संपर्क प्रमुख रजनीकांत आचार्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक अरुण बाहेती ने वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से कमलेश बोड़ाना को अध्यक्ष, पंकज अग्रवाल को सचिव, एवं दीपक चोरडिया को वित्त सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन पर उपस्थित सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि आगामी वर्ष में शाखा सेवा, समर्पण, संस्कार एवं संगठन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा सभी सदस्यों ने परिषद के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# निशुल्क जोड़ दर्द एवं प्रत्यारोपण शिविर 1 को

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क जोड़ दर्द एवं प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा शिविर अहमदाबाद के प्रसिद्ध जोड़ विशेषज्ञ 1 मार्च को आर सी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्ध आश्रम में प्रातः 10:30 बजे से 1 बजे तक अपनी निशुल्क सेवाएं देंगे

समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया की शिविर में डॉ दीपक दवे एवं डॉ रौनक देसाई एमएस ओर्थो अहमदाबाद द्वारा रोगियों को निशुल्क परामर्श देंगे शिविर में जोड दर्द, गुटना, रीड की हड्डी कुल्हा कन्धा हड्डी संबंधी विकृत बीमारी, सीढ़ियां चढ़ने उतरने में दिक्कत, आलती पालती मारने में दिक्कत, पैरों में झनझनाहट सुन्नापन आदि रोगियो को परामर्श देंगे।

गो आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती का सात दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण पूर्ण

# जैविक खेती आज की आवश्यकता, इसे किसानों में व्यापक स्तर पर प्रचारित करने की जरूरत: मंजू राजपाल

## सभी सत्रों में रहा सरोज देवी फाउंडेशन संरक्षक त्रिलोक चंद छाबडा का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन, राज्य के लगभग 325 किसानो ने लिया भाग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** गो आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सरोज देवी फाउंडेशन के संरक्षक त्रिलोकचन्द छाबड़ा की पहल पर गोयल ग्रामीण विकास संस्थान श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, जाखोडा, कैथून, कोटा, सरोज देवी फाउंडेशन, भीलवाडा, अपना संस्थान, एवं एफईएस के संयुक्त तत्वावधान में सात 18 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक किया गया। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम में श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, कोटा के मुख्य वैज्ञानिक पवन टांक द्वारा किसानों को गो आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। इन सभी सत्रों में त्रिलोक चंद छाबडा संरक्षक सरोज देवी फाउंडेशन का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। समन्वयक महेश चन्द्र नवहाल ने बताया कि जैविक खेती की इस प्रशिक्षण में योजनाबद्ध तरीके से विषय निर्धारण कर प्रशिक्षण दिया गया।

जिससे जैविक खेती के बारे में किसानो को जानकारी की पूर्णता का अनुभव हो। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को चरणबद्ध तरीके से विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। जिसमें कृषि में तकनीकी जानकारी का महत्व, जैविक खेती




के लिये खेत चयन ताजा गोबर व गोमूत्र के उपयोग, बफर जोन एवं वृक्षारोपण,विविध वृक्ष प्रजाति के लाभ एवं सावधानियां तथा आवश्यक सुविधाओं के निर्माण एवं संकलन, मिट्टी एवं पानी की प्रयोगशाला जांच, प्रारंभिक दस्तावेजीकरण (फार्म बुक), जैविक प्रमाणीकरण, अवशेष प्रबंधन एवं साफ-सफाई तथा दीमक एवं सफेद मक्खी नियंत्रण, सरल खाद। निर्माण,सरल संजीवनी विधि से खेतों को ताकत देना, सावधानियां, फसल अनुसार मात्रा निर्धारण, हरी खाद (ढैंचा फसल) एवं गोमूत्र से सरल हाई पावर विधि की जानकारी दी गई। समापन प्रशिक्षण सत्र में कृषि विभाग, राजस्थान सरकार की प्रिंसिपल सेक्रेटरी (कृषि एवं उद्यानिकी) मंजू राजपाल ने जैविक एवं गो आधारित खेती को लेकर राज्य सरकार की योजनाओं एवं सफल प्रयासों की जानकारी साझा करते हुए किसानों से इसे अपनाने तथा अपने अपने क्षेत्र में बाकी किसानो को जोड़ने का आह्वान किया।

इस सात दिवसीय प्रशिक्षण में कृषि विभाग की ओर से डिप्टी डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह मनोहर, अजय कुमार पचोरी ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। समापन सत्र में श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, कोटा के संस्थापक ताराचंद गोयल ने जुड़े हुए किसानों को मास्टर ट्रेनर के रूप में जैविक खेती प्रशिक्षण को नीचे के स्तर पर ले जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

ताराचंद गोयल ने कहा कि संस्थान की स्थापना ही इसलिए की गई है ताकि गो आधारित जैविक खेती को वैज्ञानिक तरीके से प्रतिपादित करते हुए जैविक खेती से उतना ही उत्पादन पहले साल में लिया जा सके जितना केमिकल खेती से लिया जाता है। एफईएस के स्टेट हेड एवं कोऑर्डिनेटर शांतनु राय सिन्हा ने विश्वास व्यक्त किया कि जैविक खेती के इस प्रशिक्षण को हर ग्राम पंचायत में नीचे के स्तर तक ले जाएंगे। इस प्रशिक्षण में राज्य के लगभग 325 किसानो ने भाग लेकर अपने खेत में जैविक खेती को अपनाने के संकल्प को दोहराया। एसडी फाऊंडेशन से मनोज पालीवाल, भेरुलाल गुर्जर ने समन्वय किया। यह प्रशिक्षण आने वाले दिनों में आगे भी निरंतर जारी रहेगा। जिस से अधिक से अधिक किसानो को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

# वैर में अवैध एलपीजी उपयोग पर डीएसओ प्रवर्तन दल की सख्त कार्रवाई



स्मार्ट हलचल

**भरतपुर।** भरतपुर जिले के वैर क्षेत्र में आज जिला रसद अधिकारी (डीएसओ) के निर्देशन में प्रवर्तन स्टाफ द्वारा एलपीजी के अवैध उपयोग के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई होटल एवं ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडरों के गैरकानूनी व्यावसायिक उपयोग की शिकायतों के आधार पर की गई।कार्रवाई के दौरान जय गुरुदेव फैंटा होटल (अमोली), राज होटल (अमोली), पंडित होटल (हलेना) तथा प्रदीप होटल (झालाटाला) पर जांच की गई। जांच में कुल 13 घरेलू एलपीजी सिलेंडर एवं 2 भट्टियां अवैध उपयोग में पाई गईं, जिन्हें मौके पर ही जब्त (जप्ती) किया गया।इस कार्रवाई में प्रवर्तन दल के ईओ प्रदीप शर्मा, सरोज बिश्नोई, साक्षी कासवा तथा ईआई गुरप्रीत सिंह, विजय मीणा और पूजा चौहान शामिल रहे।प्रवर्तन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग कानूनन अपराध है। संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की औचक जांच एवं सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# झीलों की नगरी में फिर चरम पर रहेगा खेलों का रोमांच

## 12वीं अंतर्संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 5 से 7 मार्च तक उदयपुर में तैयारी बैठक आयोजित, दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल |उदयपुर

12वीं अंतर्संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 आगामी 5 से 7 मार्च तक उदयपुर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में बैठक आयोजित हुई। एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ एवं एडीएम सिटी जीतेन्द्र ओझा की उपस्थिति में हुई बैठक में प्रतियोगिता से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में एडीएम श्री राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 मार्च 2026 तक उदयपुर में किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के सभी संभागों से लगभग 850 खिलाड़ी भाग लेंगे। अधिकारियों ने खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन, खेल मैदानों की उपलब्धता, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधाओं सहित समग्र व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उद्घाटन एवं समापन समारोह, आमंत्रण, स्वागत और आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में संबंधित विभागों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे आयोजन सफल और यादगार बने।

प्रतियोगिता के अंतर्गत टेबल टेनिस, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन और कबड्डी सहित विभिन्न खेलों का आयोजन शहर के अलग-अलग खेल मैदानों एवं स्टेडियमों में किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए आयोजन को राज्य स्तरीय मानकों के अनुरूप संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, परिवहन अधिकारी मुकेश डाड, लेखाधिकारी रमेश बाबरी, उपनिदेशक ओटीएस महेंद्र सिंह सीमर, उप निदेशक आरएससीईआरटी पीयूष कुमार जैन सहित यूडीए, नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र बिजौलियां पर पूज्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक मुनि श्री योगसागर महाराज संसंघ का हुआ ऐतिहासिक मंगल प्रवेश

## मुनिश्री वैराग्य सागर सुप्रभ सागर महाराज से हुआ मंगल मिलन

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** बिजौलियाँ की पावन धरा पर आज पूज्य आचार्य भगवन विधासागर जी महाराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज संसंघ का प्रातःकालीन बेला में श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र बिजौलियां में मंगल प्रवेश हुआ। संघ नला का माताजी से विहार कर तपोदय पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र पहुंचा । यहां पूज्य मुनि वैराग्य सागर जी महाराज सुप्रभ सागर जी महाराज के द्वारा ज्येष्ठ निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज की आगवानी की और अदभुत मंगल मिलन हुआ । मिलन के दृश्य को देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। मुनि संघ में 12 दिगंबर मुनि संत उपस्थित हैं।

श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी बिजौलियां, सकल दिगंबर जैन समाज बिजौलियां, सकल दिगंबर जैन समाज मेवाड़ प्रांत और उपस्थत समस्त साधर्मीजन दिगंबर जैन श्रमण संत परम्परा के इन ऐतिहासिक पलो के साक्षी बने। इस अवसर पर हजारों की तादाद में श्रद्धालु उपस्थित थे। आसपास के क्षेत्रों सिंगोली, ठुकराई, बोराव, बूंदी, कोटा, आरोली, सलावटिया, छोटी बिजौलियां , चांद जी की खेड़ी, झांतला, महुवा, मानपुरा, बेगूं, लाम्बाखोह से कई साधार्मिजन पहुंचे।

मंगल प्रवेश पश्चात मुनि संघ की धार्मिक देशना आयोजित हुई। महिला मंडल द्वारा आचार्य विधासागर जी महाराज की पूजन की गई। दीप प्रज्वलन, चित्र अनावरण और शास्त्र भेंट के पश्चात् पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष लाभचंद पटवारी के अगुवाई में पूज्य मुनि संघ को आगामी 7 मार्च को आयोजित वार्षिक मेले में सानिध्य प्रदान करने हेतु निवेदन किया। पूज्य मुनिश्री सुप्रभ सागर महाराज ने भी धार्मिक उपदेश दिया। पूज्य निर्यापक ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनिश्री योग सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित किया। इसके पश्चात तीर्थ क्षेत्र पर मुनि संघ की आहारचर्या आयोजित हुई। कई परिवारों द्वारा चौके लगाए गए । पढ़गाहन के पलो ने पूरे वातावरण को धार्मिकमय बना दिया। निर्यापक मुनिश्री योगसागर जी महाराज की आहारचर्या का पुण्यार्जन सुरेन्द्र कुमार विकास कुमार विवेक विशाल विनीत हरसौरा परिवार को मिला। मुनि श्री के प्रवास के अंतर्गत प्रतिदिन बड़े बाबा मंदिर जी में शांतिधारा, फिर धार्मिक उपदेश, आहारचर्या और सांयकाल को आचार्य भक्ति का आयोजन होगा ।

खाद्य सुरक्षा दल ने पहले ही दिन की कार्यवाही

# त्योहारो के मध्येनजर खाद्य पदार्थो में मिलावट रोकने शुरू हुआ अभियान



स्मार्ट हलचल|राजसमन्द

राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशो के अनुसार होली के त्यौहार के मध्येनजर जिले में आगामी 2 फरवरी तक खाद्य पदार्थो में मिलावट को रोकने के लिये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियमित के अन्तर्गत गजानन डेयरी नाथद्वारा से श्री खण्ड का नमुना, घोड़ा घाटी स्थित धर्मराज स्वीट्स से गुलाब जामुन का नमुना लिया गया तथा मौके पर लगभग 10 किलोग्राम खराब मिल्क केक को नष्ट करवाया गया। घोड़ाघाटी स्थित श्री देव ट्रेडिंग कम्पनी से मैदा का एक नमुना लिया गया तथा खराब आटा व दलिया लगभग 40 किलोग्राम को मौके पर नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचन्द शर्मा, प्रशिक्षु जितेन्द्र डांगी तथा सहायक कार्मिक महेन्द्र सिह शामिल रहे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचन्द शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान लिये गये सभी नमुनो को जांच हेतु जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला उदयपुर में भिजवाया जायेगा तथा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# तस्करों से जब्त 130 क्विंटल मादक पदार्थ जला कर नष्ट किये

**चित्तौड़गढ़।** जिले के 23 थानों की पुलिस द्वारा 113 प्रकरणों में तस्करों से जब्त किया गया डोडाचूरा, गांजा, ब्राउनशुगर, अल्प्राजोलम व एमडीएमए आदि मादक पदार्थ न्यायालय से भौतिक सत्यापन व निर्णय के बाद मंगलवार को पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी की उपस्थिति में जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा सावा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले के पुलिस थानों के मालखाना एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा मादक पदार्थों व वाहनों से भरे हुए हैं। जिसके निस्तारण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय की कार्य प्रणाली शाखा द्वारा संबंधित थानाधिकारियों से माल के निस्तारण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर रिकॉर्ड तैयार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़, सदर चित्तौड़गढ़, कोतवाली निम्बाहेड़ा, चंदेरिया, गंगरार, शंभूपुरा, डूंगला, मंगलवाड़, बड़ीसादड़ी, रावतभाटा, बेगूं, भदेसर, बिजयपुर, बस्सी, निकुम्भ, कपासन, पारसोली, आकोला, राशमी, कनेरा, भैंसरोड़गढ़, जावदा व मण्डफिया के 23 पुलिस थानों में दर्ज कुल 113 प्रकरणों में से 89 प्रकरणों में अवैध मादक पदार्थ 128 क्विंटल 32 किग्रा 193 ग्राम डोडा चूरा, 16 प्रकरणों में 199 किग्रा 108 ग्राम गांजा, एक प्रकरण में 9 ग्राम अल्प्राजोलम, एक प्रकरण में 101 ग्राम ब्राउनशुगर व 06 प्रकरण में 493 ग्राम एमडीएमए को जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान तस्करों के कब्जे से जब्त किया गया था। उक्त सभी 113 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकारियों मुख्य सुरक्षा अधिकारी मानविजय सिंह, सुरक्षा अधिकारी कृपानंद झा, पर्यावरण प्रबंधक नरेंद्र भट्ट, जन सम्पर्क प्रबंधक दीपक भट्ट एवं अन्य टीम की उपस्थिति में मंगलवार को सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया।

ईमार्क हेल्थ टेक के नई शाखा के शुभारंभ व पोस्टर का हुआ विमोचन

# ईमार्क हेल्थ टेक की पहल से मरीजों को समय पर उपचार मिलने में सहायता मिलेगी : आनन्द गुप्ता

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में ईमार्क हेल्थ टेक कंपनी की नई शाखा के शुभारंभ एवं पोस्टर विमोचन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उदयपुर के गणमान्य चिकित्सकों, विभिन्न अस्पतालों के निदेशकों एवं शहर के विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत श्रृंखला से हुई, जिसमें सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद गुप्ता का स्वागत ईमार्क के निदेशकों द्वारा किया गया। समारोह में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत दीपक शर्मा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बलदीप



शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि ईमार्क हेल्थटेक एक ऐसी कंपनी है, जो अस्पतालों और मरीजों की वित्तीय समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि कई बार मरीज आर्थिक अभाव के कारण उचित उपचार नहीं ले पाते, ऐसे में ईमार्क उनके लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराकर सेतु का कार्य करेगी।

मुख्य अतिथि डॉ. आनंद गुप्ता ने उदयपुर में ईमार्क हेल्थटेक कंपनी की शुरुआत को एक सराहनीय एवं सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस पहल से मरीजों को समय पर उपचार मिलने में सहायता मिलेगी तथा चिकित्सा क्षेत्र को भी मजबूती प्राप्त होगी।

कार्यक्रम में ईमार्क कंपनी के निदेशक सुनील चंद्र, दिपेन शाह एवं मनोज शाह उपस्थित रहे। उन्होंने विस्तार से बताया कि कंपनी किस प्रकार अस्पतालों के साथ समन्वय स्थापित कर मरीजों को सरल एवं त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान करती है। कंपनी के प्रबंध निदेशक भाविन शाह के नेतृत्व में ईमार्क हेल्थटेक पहले से ही अहमदाबाद में कई वर्षों से सफलतापूर्वक कार्य कर रही है तथा अनेक अस्पतालों के साथ मिलकर मरीजों को लाभान्वित कर रही है।

समारोह में उदयपुर के विभिन्न प्रतिष्ठित अस्पतालों एवं उनके निदेशकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और ईमार्क की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। इस नई शाखा के शुभारंभ से उदयपुर के चिकित्सा क्षेत्र में आर्थिक सहयोग की नई संभावनाएँ खुलने की उम्मीद जताई गई है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की छवि धुमिल करने को लेकर कांग्रेस ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की छवि धुमिल करने को लेकर पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में कांग्रेसजनो जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ को पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन से पूर्व शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की छवि धूमिल करने को लेकर एक षडयंत्र बताते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों ने योगी मोदी सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर नारेबाजी की उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म की संत परम्परा के अग्रज चार शंकराचार्य में से एक शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद



सरस्वती जो कि प्रयागराज में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य है। इनके द्वारा लम्बे समय से गौ सेवा व गौ रक्षा की बात प्रमुखता से उठा जा रही है। वर्तमान में भारत की गौ मांस निर्यात में वृद्धि व उत्तरप्रदेश का अग्रिम राज्य की सूची में आने की बात का शंकराचार्य जी खुलकर विरोध कर रहे थे।

हाल ही में योगी सरकार द्वारा शंकराचार्य जी को मोनी अमावस्या पर संगम स्नान करने से रोका गया, पुलिस द्वारा गलत व्यवहार किया गया एवं बटुकों के साथ मारपीट की गई थी योगी सरकार द्वारा राजनैतिक षड्यंत्र के तहत उनकी छवि धुमिल करने का प्रयास किया गया जिससे करोड़ों हिन्दुओं में रोष व्यापत हुआ, सीधे तौर से राज्य सरकार के मुख्यमंत्री पर आरोप लगे थे, ये सब होने के बावजूद अब शंकराचार्य पर एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा यौन उत्पीड़न केस करवाना राजनैतिक षड्यंत्र है। हिस्ट्रीशटर आशुतोष ब्रह्मचारी राम भद्रचार्य का शिष्य है जो अपने आप में एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। आज हिन्दू धर्म के शंकराचार्य व गौ माता भाजपा के राज में असुरक्षित है। शंकराचार्य जी के खिलाफ खिलाफ प्रयागराज के झूसी थाने में बीएनएस की धारा 351 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5, 6, 3, 4 (2), 16 और 17 में मामला दर्ज हुआ है पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि हमें डर है कि उप्र के मुख्यमंत्री राजनैतिक षड्यंत्र के तहत शंकराचार्य को बन्दी ना बना लें या और कोई नुकसान ना पहुँचा दे, इसके लिए केन्द्रीय ऐजेन्सियों से जांच करवाई जावे। यह भी उल्लेखनीय है कि भाजपा की सरकार द्वारा इलेक्ट्रोल बॉण्ड के माध्यम से गौकशी करने वाली कम्पनियों से चन्दा लिया गया। उन्होंने शंकराचार्य के प्रति किये जा रहे षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हुए दोषियों पर कार्यवाही करने तथा शंकराचार्य जी पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग की है।

# मोबाइल एकेडमी से आशाओ की कार्यक्षमता और जानकारियों में हो रहा बढ़ावा

## किलकारी और मोबाइल एकेडमी से गर्भवती माताओ और नवजात शिशुओ की होगी और बेहतर देखभाल

स्मार्ट हलचल| मांडलगढ़

डिजिटल इंडिया अभियान के तहत आज दिनांक 23/02/26 एवं 24/02/26 को भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ ब्लॉक में बिजौलिया एवं मांडलगढ़ ब्लॉक की समस्त आशा एएनएम ओर सी एच ओ का मातृ और शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए मांडलगढ़ ब्लॉक कार्यालय ऑफिस में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी श्री मान डॉ.गोपाल लाल यादव की अध्यक्षता में किलकारी मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम के कार्यशाला का आयोजन किया गया भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक स्वास्थ्य योजना है, जो





गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर केंद्रित है। यह योजना मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने और गर्भावस्था और शिशु देखभाल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई है। किलकारी के माध्यम से पंजीकृत गर्भवती माताओ और एक साल तक के शिशु के उत्तम स्वास्थ्य और देखभाल के लिए मोबाइल कॉल के जरिये स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी एवं जागरुकता प्रदान की जाती है जैसे एनीमिया से बचाव ,परिवार नियोजन की जानकारी टीकाकरण के लिए प्रेरित करना एवं मातृ स्वास्थ्य के बारे में जागरुकता देना शामिल है।

सभी आशा सहयोगिनी व एएनएम कोशिश करें कि ए एन सी रजिस्ट्रेशन के दौरान गर्भवती का खुद का मोबाइल नंबर आवश्यक रूप से पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में दर्ज हो और एएनसी रजिस्ट्रेशन के बाद सभी गर्भवती महिलाओ को किलकारी कॉल सुनने के लिए प्रोत्साहित करें। किलकारी मोबाइल संदेश में गर्भवती महिलाओ को डा. अनीता से मैसेज सुनने को मिलेगें जिससे ए एन सी, टीकाकरण, खान-पान आदि में जागरुकता बढेगी। अगर कोई भी गर्भवती महिला कॉल आने पर फोन नहीं उठा पाती है तो पुनः सुनने के लिए अपने नम्बर 14423 डायल कर उसे फिर से सुन सकती है।

### कैसे गर्भवती माताओ और नवजात शिशुओ का ध्यान रख रही किलकारी योजना

कार्यक्रम के दौरान प्रोग्राम ऑफिसर भागीरथ शर्मा द्वारा किलकारी प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी ओर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संदीप कुमारी भाटिया, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर देवी लाल बारेठ एवं ब्लॉक नोडल ऑफिसर रिंकू जैन उपस्थित रहे एवं प्रोग्राम के बारे जानकारी दी गयी।

# सार्वभौमिक मानवाधिकार परिषद जयपुर द्वारा सोहन कोली को बनाया जिला महासचिव



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** सोहन कोली को सार्वभौमिक मानवाधिकार परिषद जयपुर द्वारा भीलवाड़ा जिला महासचिव बनने पर शाहपुरा वासियो की तरफ से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गई। इस उपलक्ष पर इनके स्नेहीजनों द्वारा कोली का माला व साफा बंधवाकर बारहठ स्मारक त्रिमूर्ति चौराहे पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बरदी चन्द कोली, गोवर्धन लाल खटीक, महेंद्र कोली, देवकिशन खटीक, गोविन्द सलारपुरिया,फतेहलाल कोली,छोटू लाल कोली,राजेन्द्र खटीक आदि सदस्य उपस्थित रहे। कोली ने सभी मित्र मंडल का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### इएआर प्रतिनिधिमंडल का मलेशिया दौरा, निर्यात व पर्यटन को वैश्विक मंच

# अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और संस्थागत सहयोग समय की आवश्यकता:वी. के. जेटली

स्मार्ट हलचल| कोटा/कुआलालंपुर

इम्प्लॉयर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के ग्लोबल टूर के अंतर्गत वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया दौरे के दौरान भारत-मलेशिया औद्योगिक सहयोग को नई गति देने पर उच्चस्तरीय मंथन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों से भेंट कर निवेश, निर्यात विस्तार और संस्थागत साझेदारी के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारी प्रथम सचिव राजेश एच. मनियिल तथा द्वितीय सचिव (श्रम) आर. एस. चौहान उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल में इम्प्लॉयर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (श्व‘) के मुख्य सलहाकार व करेजियस कम्युनिटी फाउंडेशन के चेयरमैन वी. के. जेटली, मुख्य सलाहकार डॉ. ए. के. जैन, अध्यक्ष एन. के. जैन तथा वरिष्ठ सदस्य किशन पोद्दार शामिल थे।

बैठक के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा एवं सौर विनिर्माण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी एवं ईवी चार्जिंग अवसंरचना, नॉन-वोवन फैब्रिक, टेक्सटाइल एवं तकनीकी वस्त्र, सीमेंट एवं अवसंरचना सामग्री, रीसाइक्लिंग एवं परिपत्र अर्थव्यवस्था, स्विचगियर एवं विद्युत प्रणालियाँ, ईपीसी परियोजनाएँ तथा कुशल कार्यबल विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से विचार किया गया।



डॉ. ए. के. जैन ने मलेशिया की ASEAN क्षेत्र में विनिर्माण एवं निर्यात हब के रूप में रणनीतिक भूमिका को रेखांकित करते हुए स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत विद्युत उपकरण निर्माण तथा ईवी अवसंरचना में साझेदारी की व्यापक संभावनाएं बताईं। वी. के. जेटली ने विशेष रूप से कोटा को केंद्र में रखते हुए कहा कि वर्तमान में कोटा का निर्यात लगभग 1,000 करोड़ रुपये के आसपास है, जिसमें धनिया, स्टोन, कोटा डोरिया सहित अन्य उत्पादों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सुनियोजित रणनीति और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से अगले पांच वर्षों में कोटा का निर्यात 5,000 करोड़ रुपये के पार ले जाया जा सकता है।

जेटली ने यह भी कहा कि कोटा अब शिक्षा नगरी के साथ-साथ तेजी से पर्यटन सिटी के रूप में उभर रहा है। चंबल रिवर फ्रंट, चंबल सफारी, गडेरिया महादेव सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित कर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाया जा सकता है। चर्चा के दौरान राजस्थान के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों पर भी विमर्श हुआ, जिनमें भीलवाड़ा का वस्त्र एवं यार्न उद्योग, चित्तौड़गढ़ का सीमेंट एवं उर्वरक उत्पादन, उदयपुर का फॉस्फेट, अलवर का रासायनिक उद्योग, किशनगढ़ का पावरलूम एवं टेक्सटाइल पार्क, श्रीगंगानगर का चीनी उद्योग, भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) के वृहद उद्योग तथा जयपुर, अलवर और जोधपुर में प्रस्तावित सेमीकंडक्टर परियोजनाएं शामिल रहीं।

किशन पोद्दार ने क्षेत्र-विशिष्ट सहयोग मॉडल और सप्लाई चेन एकीकरण की रूपरेखा प्रस्तुत की। भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने इएआर प्रतिनिधिमंडल की पहल की सराहना करते हुए व्यापार, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग का आश्वासन दिया।

## विकास अधिकारी कार्यभार संभालने के 24 घंटे के भीतर ही एपीओ



स्मार्ट हलचल|बानसूर

स्थानीय पंचायत समिति में नियुक्त विकास अधिकारी सुनीता कुमावत को कार्यभार संभालने के 24 घंटे के भीतर ही एपीओ कर दिया गया हैं। पंचायती राज विभाग राजस्थान ने प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए उन्हें पंचायती राज मुख्यालय जयपुर भेजने के आदेश जारी किए हैं। विभाग ने करीब छह महीने के इंतजार के बाद शुक्रवार को उनकी बानसूर में नियुक्ति की थी। सुनीता कुमावत ने सोमवार को पंचायत समिति में कार्यभार ग्रहण किया, लेकिन मंगलवार को ही उन्हें वापस मुख्यालय भेज दिया गया। अचानक हुए इस आदेश से पंचायत समिति में चर्चाओं का माहौल है और विकास कार्यों की निरंतरता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## होली पर रेलवे हाई अलर्ट, रंगों के त्योहार से पहले सुरक्षा का कड़ा पहरा

स्मार्ट हलचल| यूपी

**वाराणसी।** होली के रंग इस बार सिर्फ गुलाल तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा का रंग भी गहरा दिखाई देगा। आगामी होली पर्व पर यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं। उद्देश्य साफ है–हर यात्री की यात्रा सुखद, सुरक्षित और सुविधापूर्ण हो।स्टेशन परिसर से लेकर ट्रेनों के अंदर तक निगरानी बढ़ा दी गई है। रेलवे सुरक्षा, वाणिज्य एवं अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष रूप से अलर्ट मोड पर रखा गया है। प्लेटफॉर्मों पर अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है, ताकि भीड़ के बीच कोई असामाजिक तत्व सक्रिय न हो सके।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा ट्रेनों एवं रेल परिसरों में असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष टास्क टीम का गठन किया गया है। यह टीम अवैध शराब, ज्वलनशील पदार्थ, नशीली दवाओं, जेबकतरों, सामान चोरों और टिकट दलालों पर कड़ी नजर रखे हुए है। त्योहार के दौरान शराब तस्करी और हुड़दंग की आशंका को देखते हुए चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी), आरपीएफ और वाणिज्य कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित कर भीड़ नियंत्रण की रणनीति लागू की गई है। पैदल उपरिगामी पुलों, आरक्षण काउंटरों और प्रतीक्षालयों में विशेष चौकसी बरती जा रही है।महिला यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेनों और स्टेशनों पर महिला आरपीएफ कर्मियों की तैनाती की गई है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एसआईबी और सीआईबी के जवान सादे कपड़ों में तैनात किए गए हैं। प्रमुख ट्रेनों और सामान्य कोचों में वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराई जा रही है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि का तुरंत संज्ञान लिया जा सके।

सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए डॉग स्क्वायड की भी तैनाती की गई है। सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। हर गतिविधि पर पैनी नजर है और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अधिकृत वेंडरों से ही खानपान की वस्तुएं खरीदें, किसी अंजान व्यक्ति द्वारा दिया गया भोजन स्वीकार न करें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत नजदीकी सुरक्षा कर्मी को दें। प्रतिबंधित सामान लेकर यात्रा करने से बचें और वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें। साथ ही यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे कम से कम सामान के साथ यात्रा करें, समय से पहले स्टेशन पहुंचें और भीड़-भाड़ में धैर्य बनाए रखें। त्योहार के उल्लास में किसी प्रकार की अफरा-तफरी न हो, इसके लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार घोषणाएं की जा रही हैं।

### महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 275.68 करोड़ की डीपीआर तैयार

# परियोजना के विकास से क्षेत्र में बढ़ेंगे पर्यटन एवं स्थानीय रोजगार के अवसर - उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी

स्मार्ट हलचल| जयपुर/उदयपुर

उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकास योजना की क्रियान्विति के लिए 275.68 करोड़ रूपये की डीपीआर तैयार करवा ली गई है। साथ ही इस संबंध में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण की अध्यक्षता में गठित समीक्षा समिति द्वारा 3 फरवरी, 2026 को इस डीपीआर अनुसार कार्य करवाये जाने का अनुमोदन किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि किसी भी नए पर्यटन सर्किट एवं योजना के विकसित होने के बाद प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर स्थानीय आमजन के लिए उपलब्ध होते हैं। राज्य सरकार की भी प्राथमिकता रहेगी कि स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय मेटेरियल सप्लायर्स एवं श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इनके अलावा टूर ऑपरेटर, गाइड, होटल, पार्किंग, कैफेटेरिया, सोवेनियर शॉप्स, हैण्डीक्राफ्ट्स एवं होमस्टे के कार्य से जुड़े लोगों को भी आर्थिक लाभ होगा।

पर्यटन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकास योजना के अंतर्गत विकसित की जाने वाली परिसंपत्तियों के विकास से पूर्व इन सम्पतियों के समुचित देखरेख एवं संचालन के संबंध में स्थानीय निकायों से परामर्श कर प्रबंधन किया जाएगा। इन सम्पतियों का नियमित पर्यवेक्षण जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला पर्यटन विकास समिति के माध्यम से किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस सर्किट को डिजिटल प्रमोशन सम्बन्धी किसी अन्य योजना से जोड़ने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा योजनान्तर्गत प्रस्तावित स्थलों का प्रचार- प्रसार संचार के विभिन्न माध्यमों, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, विभाग के मीडिया प्लेटफार्म एवं विभागीय मुद्रण सामग्री के माध्यम से कर अधिकाधिक देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के समुचित प्रयास किये जाएंगे।

इससे पहले सदस्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य बजट वर्ष 2024-25 के संबंध में प्रस्तुत वक्तव्य (8 फरवरी, 2024) के पैरा संख्या 55 अन्तर्गत महाराणा प्रताप के जीवन से जुडे विभिन्न स्थलों, चावण्ड-हल्दीघाटी-गोगुन्दा-कुम्भलगढ- दिवेर-उदयपुर आदि को सम्मिलित करते हुए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित करने के लिये 100 करोड़ रूपये के प्रावधान करने की घोषणा की गई थी।

उन्होंने कहा कि परियोजना के क्रियान्वयन के लिए राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण को कार्यकारी एजेन्सी नियुक्त किया गया है तथा परियोजना अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों की मॉनिटरिंग राजस्थान धरोहर प्राधिकरण द्वारा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि परियोजना की क्रियान्विति के लिए डीपीआर तैयार किए जाने के लिए 100 करोड़ रूपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जनवरी, 2025 में जारी की गई। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण द्वारा उक्त परियोजना हेतु तैयार की गई कॉन्सेप्ट प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर रूपये 2 लाख 83 हजार पांच सौ रूपये की राशि का व्यय किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि महाराणा प्रताप सर्किट प्रोजेक्ट मेवाड़ के गौरव एवं जन श्रद्धा से जुड़े होने के कारण प्रोजेक्ट की रूपरेखा/कार्ययोजना तैयार करने हेतु विचार विमर्श करने के लिये विभिन्न स्तरों पर बैठकों का आयोजन किया जाकर प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करते हुए डीपीआर तैयार की गई है, जिसमें प्रक्रियागत समय लगना स्वभाविक है। परियोजना की क्रियान्विति हेतु तैयार डीपीआर हेतु वित्तीय स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। वित्तीय स्वीकृति उपरांत तदनुसार विकास कार्य करवाये जाएंगे।

## लेपर्ड ने खेत में बंधी बछड़ी का शिकार किया, लेपर्ड मूमेंट से ग्रामीणों में दहशत



स्मार्ट हलचल |बानसूर

निकटवर्ती ग्राम खोहरी में सोमवार रात एक लेपर्ड ने खेत में बंधी बछड़ी का शिकार कर लिया, जिससे ग्रामीणों और किसानों में दहशत फैल गई है। ग्रामीण राजेंद्र यादव ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में लेपर्ड की हलचल देखी जा रही है और खेतों में उसके पदचिह्न भी मिले हैं। वहीं रिंकू गुवारिया ने बताया कि देर शाम लेपर्ड उनकी कार के सामने आ गया और खेतों की ओर भाग गया। लेपर्ड की मौजूदगी से किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग राजस्थान से लेपर्ड को पकड़ने की मांग की है।

## बकाया बिजली बिलों के निस्तारण हेतु सूरौठ में तीन दिवसीय शिविर आज से

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

बकाया बिजली बिलों के निस्तारण हेतु बिजली निगम का तीन दिवसीय शिविर 25 फरवरी से कस्बे में स्थित बिजली निगम के सहायक अभियंता कार्यालय में शुरू होगा। बिजली निगम के एईएन सी पी सैन ने बताया कि सूरौठ सहायक अभियंता कार्यालय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एसे बिजली उपभोक्ता जिनके बिजली कनेक्शन को कटे हुए दो वर्ष से अधिक समय हो गया है। एसे विवादित बिजली बिलों के निस्तारण हेतु तहसील के पास स्थित एईएन कार्यालय परिसर में 25 फरवरी से 27 फरवरी तक विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसके पश्चात 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली लोक-अदालत के माध्यम से बिजली बिलों का निस्तारण होगा। शिविर मे पंजीकरण हेतु उपभोक्ताओं को अपना आधार कार्ड और उसकी फोटोकॉपी साथ लाना अनिवार्य है।

## डीएमएफटी योजना से सुनेल के विद्यालयों के विकास की उठी मांग

स्मार्ट हलचल|सुनेल

सुनेल के राजकीय विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोविंद धाकड़ ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट योजना अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नाम ज्ञापन प्रेषित कर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। ज्ञापन में बताया गया कि सुनेल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं महात्मा गांधी विद्यालय में कक्ष-कक्ष, बरामदा, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष निर्माण व आधारभूत ढांचे का सुदृढ़ीकरण आवश्यक है।

प्रस्तावित कार्यों में रा.उ.मा.वि. में बरामदा एवं कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए 10-10 लाख रुपये, महात्मा गांधी विद्यालय में बालक व बालिका शौचालय निर्माण हेतु 8-8 लाख रुपये, कक्षा-कक्ष एवं बरामदा निर्माण के लिए 10-10 लाख रुपये, इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 10 लाख रुपये तथा टिन शेड व प्रार्थना सभा स्थल निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की मांग की गई है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष धाकड़ ने कहा कि इन कार्यों की स्वीकृति से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा तथा विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। उन्होंने संबंधित विभाग से प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करने की मांग की।

## रामायण के प्रसंगों से प्रशिक्षार्थियों ने दिया जीवन मूल्यों का संदेश

भारतीय ज्ञान परंपरा में 'रामायण' विषयक द्विदिवसीय संगोष्ठी का समापन, प्रशिक्षार्थियों ने मंचन से साकार किए रामायण के अमर प्रसंग

स्मार्ट हलचल| कोटा

जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, लखावा (कोटा) में 23 एवं 24 फरवरी को आयोजित द्विदिवसीय विशेष कार्यक्रम 'भारतीय ज्ञान परंपरा में रामायणः पाठ, परिचय एवं नाट्य रूपांतरण' का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य भावी शिक्षकों को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं आदर्शों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नमिता पारीक ने बताया कि बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षार्थियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन कर उसके नैतिक आदर्शों और जीवन मूल्यों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। अभिनय के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों ने यह संदेश दिया कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन और मानवीय मूल्यों का मार्गदर्शक है।

समापन अवसर पर मुख्य वक्ता एवं शिक्षा संकाय, कोटा विश्वविद्यालय की डीन प्रो. सुषमा सिंह ने कहा कि रामायण भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसकी शिक्षाएं आज भी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रासंगिक हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षा को संस्कारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपिका जोशी ने जानकारी दी कि मंचित प्रस्तुतियों में सीता स्वयंवर, राम वन गमन, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, सीता हरण, अशोक वाटिका, राम-रावण युद्ध तथा राम दरबार जैसे प्रसंगों का प्रभावी मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।



## दो घरों में बकरियां चोरी, थाने में दर्ज करवाई रिपोर्ट

स्मार्ट हलचल|लाखेरी

उपखंड क्षेत्र के देईखेड़ा थाना क्षेत्र के चहिचा गांव में अज्ञात चोर दो किसानों के बाड़े में से दर्जन से अधिक बकरियों को चुरा कर ले गए। देईखेड़ा पुलिस थाने में सोंपी रिपोर्ट के मुताबिक चहिंचा निवासी गजानंद गुर्जर ने बताया कि उसके घर पास ही बाड़े से सोमवार को अज्ञात जने करीब 15 बकरियों को चुरा ले गए। घटना की जानकारी उसे सुबह बाड़े में जाने पर लगी वही गांव में समीप के बाड़े में से भेरू लाल मीणा की चार बकरियों को चोरों ने चुरा लिया।



### पूर्व में हो चुकी है वारदात

ग्रामीण दिनेश गुर्जर ने बताया कि गांव में पहले भी भैसे व अन्य मवेशियों की चोरी की घटना हो चुकी है जिनका अभी तक भी खुलासा नही हुआ है।

# किसानों के मुआवजा को लेकर सौपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** बेमौसम बरसात से दीगोद सिमलिया क्षेत्र में किसानों के फसल खराब है को लेकर और शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजा दिलाए जाने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमलिया के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल एडवोकेट व कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अनिरुद्ध मीना के नेतृत्व में आज किसानों ओर कॉन्ग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को उपखंड अधिकारी दीगोद के जरिय ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शन किया और शीघ्र सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा राशि देने की मांग करी! ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व हुई बारिश ओलावृष्टि में किसानों की बहुत सारी फसलों का नुकसान हो गया किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है ओर लगातार मांग करने के बाद भी राज्य सरकार ने अभी तक प्रभावित किसानों को हुए नुक़सान के लिए कोई आर्थिक राहत पैकेज की घोषणा नहीं की ना ही प्रशासन को सर्वे ओर गिरदावरी करने के आदेश दिए उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि शीघ्र सर्वे कराया जा रहा है ताकी आर्थिक राहत किसानों तक पहुंच सके ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष कुंजबिहारी नागर जितेन्द्र मीणा मंडल प्रभारी राजकुमार मीना नवल मेघवाल, रामकेलास मेघवाल, रमेश चंद्र नागर हनुमान मीणा ऐसी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद मेघवाल सत्यनारायण मेघवाल एडवोकेट हरिशंकर एडवोकेट, सांवरा गुर्जर, इकाई अध्यक्ष अजीमुद्दीन पठान, हेमराज मीणा बलराम मीणा मुकेश मीणा अजय गुर्जर आकाश मेघवाल केवल राम मेघवाल महिंद्र मालव रामप्रसाद देतवाल दिनेश सामर और नेमीचंद मीणा सोनू मीणा जाकिर हुसैन राजाराम मराठा हनीफ भाई हरी ओम मीणा विशाल शर्मा निरंजन मेघवाल ओम खटाना धनराज अब्दुल रशीद मंडावत महावीर मीणा शांति प्रकाश प्रदीप सुरेश नायक सुनील मेघवाल आयुष सेन आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मी मंडल स्तर पर सम्मानित

प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक ने शुरू की विस्तृत कार्य समीक्षा प्रक्रिया

स्मार्ट हलचल| कोटा

मंडल में कार्यरत रेलकर्मियों की कार्यक्षमता, दायित्व निर्वहन, ज्ञान स्तर तथा अभिलेख संधारण की स्थिति का विस्तृत विश्लेषणात्मक मूल्यांकन मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि करना तथा यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित सेवाएं उपलब्ध कराना है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक द्वारा कर्मचारियों के कार्य, जिम्मेदारियों एवं प्रदर्शन की गहन समीक्षा की गई। इस प्रक्रिया के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने तथा निर्धारित मानकों से नीचे प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन के माध्यम से सशक्त बनाने की योजना बनाई गई है, ताकि समग्र रूप से रेल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।



इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, कोटा के सभागार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में रविंद्र लखारा (वरिष्ठ जनसंपर्क निरीक्षक),पुनीत शर्मा, कार्य अधीक्षक (गोपनीय शाखा), आशुतोष गुप्ता( वरिष्ठ अनुभाग पर्यवेक्षक/लेखा शाखा), उत्तम सिंह मीना(वरिष्ठ लिपिक/निपटारा शाखा) तथा हर्षवर्धन सिंह( कार्यालय अधीक्षक/कोर्ट सेल) शामिल हैं।

मंडल रेल प्रबंधक ने इस अवसर पर कहा कि नियमित समीक्षा, पारदर्शी मूल्यांकन और समयबद्ध प्रशिक्षण से प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा एवं सेवा गुणवत्ता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कर्मचारियों से निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने तथा रेल प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने की अपेक्षा व्यक्त की।

# रमज़ानुल : रहमत, मग़फिरत और बरकतों का अज़ीम महीना

स्मार्ट हलचल|एजाज़ अहमद





**मेड़ता रोड।** रमज़ानुल मुबारक इस्लामी साल का सबसे पवित्र, मुबारक और रहमतों से भरा महीना माना जाता है। यह महीना आत्मशुद्धि, इबादत, सब्र और इंसानियत की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। दुनिया भर के मुसलमान इस पूरे महीने रोज़ा रखकर, कुरआन की तिलावत कर, नमाज़ और दुआओं में मशगूल रहकर अल्लाह की रज़ा हासिल करने की कोशिश करते हैं। रमज़ान केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह इंसान के भीतर आध्यात्मिक जागृति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाने का अवसर भी है।

### कुरआन के नुज़ूल का महीना

इस्लामी मान्यता के अनुसार, इसी पवित्र महीने में कुरआन शरीफ का नुज़ूल हुआ। इसलिए रमज़ान को कुरआन का महीना भी कहा जाता है। मस्जिदों और घरों में विशेष रूप से कुरआन की तिलावत की जाती है। तरावीह की नमाज़ में हाफिज़-ए-कुरआन पूरे महीने में कुरआन मुकम्मल सुनाते हैं। यह माहौल ईमान और रूहानियत को और अधिक मजबूत बनाता है।

### मस्जिदों में इबादत की रौनक और तरावीह

रमज़ान के चांद के दिखाई देते ही मस्जिदों में रौनक बढ़ जाती है। पांच वक्त की नमाज़ के अलावा ईशा की नमाज़ के बाद तरावीह अदा की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शरीक होते हैं। देर रात तक इबादत, ज़िक्र और दुआओं का सिलसिला जारी रहता है। लोग अपने गुनाहों की माफी, अपने परिवार की सलामती और पूरी इंसानियत की भलाई की दुआ करते हैं।रमज़ान के आखिरी दस दिनों को खास अहमियत दी जाती है। इन्हीं दिनों में शबे-क़द्र की तलाश की जाती है, जिसे हजार महीनों से बेहतर रात बताया गया है। इस दौरान इबादत का जुनून और भी बढ़ जाता है।

### रोज़ा: सब्र, तक़वा और बराबरी का पैग़ाम

रोज़ा रमज़ान का सबसे अहम हिस्सा है। सेहरी से लेकर इफ्तार तक रोज़ेदार खाने-पीने से परहेज़ करते हैं और अपने आचरण को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। रोज़ा इंसान को सब्र और आत्मसंयम सिखाता है। यह भूख और प्यास का एहसास कराकर गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति हमदर्दी पैदा करता है।रोज़ा समाज में बराबरी का संदेश भी देता है। अमीर और गरीब सभी एक ही तरह से भूख-प्यास सहते हैं। इससे सामाजिक एकता और भाईचारा मजबूत होता है। रमज़ान का असली मकसद इंसान को बेहतर इंसान बनाना है।

### ज़कात, सदक़ा और सामाजिक जिम्मेदारी

रमज़ान दान और खैरात का महीना भी है। इस दौरान मुसलमान ज़कात और सदक़ा अदा कर जरूरतमंदों की मदद करते हैं। ईद से पहले फितरा देना जरूरी माना गया है, ताकि गरीब लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। यह परंपरा समाज में समानता और करुणा की भावना को मजबूत करती है।

जैसे-जैसे रमज़ान अपने आखिरी दिनों की ओर बढ़ता है, बाजारों में रौनक बढ़ जाती है। कपड़ों, जूतों, इत्र, टोपी, सेवइयों और खजूर की दुकानों पर भीड़ उमड़ने लगती है। महिलाएं घरों की साफ-सफाई और सजावट में जुट जाती हैं। बच्चे नए कपड़ों और ईदी के इंतजार में उत्साहित रहते हैं। हर तरफ खुशी और उत्साह का माहौल दिखाई देता है।

### इफ्तार की रौनक और भाईचारा

इफ्तार का समय पूरे दिन की इबादत का खास लम्हा होता है। मस्जिदों और घरों में सामूहिक इफ्तार का आयोजन किया जाता है। खजूर और पानी से रोज़ा खोला जाता है, फिर तरह-तरह के पकवान परोसे जाते हैं। कई जगहों पर सामूहिक इफ्तार से भाईचारे और एकता का संदेश फैलता है।

### ईद: रोज़ेदारों के लिए अल्लाह का इनाम

पूरे महीने की इबादत, रोज़ा और सब्र के बाद ईद का चांद दिखाई देता है और खुशियों की सौगात लेकर आता है। इस दिन को ईद-उल-फित्र के रूप में मनाया जाता है। सुबह लोग नए कपड़े पहनकर ईदगाह और मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा करते हैं। नमाज़ के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी जाती है। घर-घर में मीठी सेवइयां और अन्य पकवान बनाए जाते हैं। बच्चे ईदी पाकर खुश होते हैं। लोग रिश्तेदारों और दोस्तों के घर जाकर मुलाकात करते हैं। यह दिन आपसी मोहब्बत, भाईचारे और शुक्राने का प्रतीक होता है।

### आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश

रमज़ान हमें यह सिखाता है कि असली कामयाबी दौलत या शोहरत में नहीं, बल्कि नेक अमल और इंसानियत में है। यह महीना आत्मचिंतन, आत्मसंयम और समाज सेवा का संदेश देता है। रमज़ान के जरिए इंसान अपने दिल को साफ करता है और एक नई शुरुआत की ओर कदम बढ़ाता है। इस तरह रमज़ानुल मुबारक रहमतों, बरकतों और मग़फिरत का ऐसा महीना है, जो हर मुसलमान के लिए आध्यात्मिक उन्नति और सामाजिक एकता का अवसर लेकर आता है।

# मानक विहीन सड़क मरम्मत से ग्रामीणों में आक्रोश

**20-22 लाख की लागत से हो रहा कार्य, गुणवत्ता पर उठे सवाल**



स्मार्ट हलचल|खखरेरू/फतेहपुर

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा बरैचा से हरदासपुर संपर्क मार्ग पर लगभग 2200 मीटर लंबी पक्की सड़क का मरम्मतीकरण कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य की अनुमानित लागत 20 से 22 लाख रुपये बताई जा रही है। हालांकि निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष और आक्रोश देखने को मिल रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा सड़क मरम्मत कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है। सड़क पर बने गड्ढों की भराई बोल्डर से करने के बजाय पतली गिट्टी डालकर औपचारिकता निभाई जा रही है। साथ ही सड़क की निर्धारित मोटाई भी मानकों के अनुरूप नहीं रखी जा रही है।

गांव के जुगेश कुमार, धीर सिंह, विकास कुमार, धुन्ना सिंह, शैलेंद्र कुमार और धीरज सिंह समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि जिस प्रकार से कार्य किया जा रहा है, वह पहली ही बारिश में उखड़ सकता है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो सरकारी धन की बर्बादी होगी और आम जनता को पुनः जर्जर सड़क का सामना करना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों इसी प्रकार की शिकायतों पर महिमापुर रतनपुर संपर्क मार्ग में क्षेत्रीय विधायिका कृष्णा पासवान ने स्वयं मौके पर पहुंचकर फावड़े से खुदाई कर सड़क की गुणवत्ता की जांच की थी और कार्य को मानक विहीन बताया था। इसके बावजूद मरम्मतीकरण में पुनः लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया जा रहा है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के जेई राम लखन ने बताया कि मरम्मतीकरण का कार्य मानक के अनुरूप करवाया जा रहा है।

# सूरौठ में गोवर्धन सेवा समिति का चतुर्थ वार्षिक महोत्सव आज

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

गोवर्धन सेवा समिति के तत्वावधान में 25 फरवरी को चतुर्थ वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्टेशन रोड स्थित श्री अग्रसेन वाटिका में शाम 4 बजे से शुरू होगा।

समिति के अध्यक्ष भगवान सिंघल ने बताया कि इस दौरान वर्ष 2025-26 के आय-व्यय पर सार्थक चर्चा की जाएगी तथा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके पश्चात सामूहिक सहभोज का आयोजन होगा।

# ग्रामीण रूटों पर रोडवेज का ब्रेक, पीपाड़-बोरुंदा-मेड़ता के यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) द्वारा जोधपुर से पीपाड़, बोरुंदा और मेड़ता मार्ग पर बस सेवाएं अचानक बंद किए जाने से ग्रामीण अंचलों में परिवहन व्यवस्था चरमरा गई है। वर्षों से संचालित इन रूटों पर बसों का संचालन ठप होने से आमजन, विद्यार्थी और कामकाजी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग मजबूरन महंगे निजी साधनों का सहारा ले रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पीपाड़ क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं को सुबह-शाम घंटों बसों का इंतजार करना पड़ता है। कई बार बसें निर्धारित समय पर नहीं पहुंचतीं या सेवा पूरी तरह बंद रहती है। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान भी छात्रों को आवागमन में गंभीर दिक्कतें उठानी पड़ीं।

बोरुंदा से बिलाड़ा रूट पर तो पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बस सेवा बंद है। पहले इस मार्ग पर प्रतिदिन तीन फेरे लगाए जाते थे, लेकिन अब सेवा पूरी तरह बंद होने से ग्रामीणों, सरकारी कर्मचारियों और मजदूरों के लिए शाम को गांव लौटना चुनौती बन गया है। बोरुंदा, पटेल नगर, हरियाढाणा और रणसीगांव जैसे क्षेत्रों से बिलाड़ा तहसील मुख्यालय तक पहुंचना कठिन हो गया है।

बस सेवाओं में कटौती से यात्रियों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ा है। निजी बस संचालक और कार चालक मनमाना किराया वसूल रहे हैं, जिससे सुरक्षा और शोषण की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि परिवहन बाधित होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

जोधपुर डिपो के आगार प्रबंधक उमेद सिंह ने बसों, चालकों और परिचालकों की कमी को इसका मुख्य कारण बताया है। उनका कहना है कि संसाधन उपलब्ध होते ही ग्रामीण रूटों पर सेवाएं पुनः बहाल कर दी जाएंगी।

ग्राम पंचायत बोरुंदा की प्रशासक संतोष कंवर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पीपाड़-बोरुंदा-मेड़ता रूट पर बसें शीघ्र शुरू नहीं की गईं तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं पूर्व मंडल सदस्य भंवराराम मेघवाल ने भी रोडवेज प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में पुरानी समय-सारिणी की बहाली, बसों की संख्या में वृद्धि और प्रबंधन की मनमानी पर रोक शामिल है।

# शादी में बैंड बजाने आया टीनू वाल्मीकि पांच दिन से लापता



## ग्रामीणों ने दिया एसडीम को ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बें के निकटवर्ती ग्राम गिरुड़ी में शादी में बैंड बजाने आया टीनू वाल्मीकि पांच दिन से लापता है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर दो दिन में बरामदगी की मांग की। लापता युवक की पत्नी ने बानसूर पुलिस थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार टीनू 19 फरवरी को बहरोड़ से गिरुड़ी शादी में आया था और 20 फरवरी को पैसे लेकर लौटते समय लापता हो गया। फिलहाल मोबाइल बंद है। थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि अंतिम लोकेशन कोटपूतली मिली है।पुलिस की टीमें तलाश में जुटी हैं।

# खाटूश्यामजी मंदिर में आस्था के साथ संवेदनशीलता का संगम

स्मार्ट हलचल| जयपुर



सीकर जिले के विश्वप्रसिद्ध खाटूश्यामजी फाल्गुनी लक्खी मेले में उमड़ रही अपार भीड़ के बीच राजस्थान पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी श्रद्धालु, विशेषकर दिव्यांगजन, अपने आराध्य के दर्शन से वंचित न रहे। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मंशाओं के अनुरूप मेले में दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पार्किंग स्थल पर पहुंचने वाले दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए पुलिस द्वारा विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। यह वाहन उन्हें सीधे दर्शन केंद्र तक पहुंचाता है। वहां व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर पुलिसकर्मी स्वयं उन्हें सम्मानपूर्वक और सुरक्षित तरीके से बाबा श्याम के दर्शन करवाते हैं।

### हर भक्त तक पहुंचे बाबा का आशीर्वाद

एसपी नूनावत ने कहा कि खाटूश्यामजी के धाम आने वाला हर श्रद्धालु हमारे लिए परिवार का सदस्य है। विशेष रूप से दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि श्रद्धा का विषय है। राजस्थान पुलिस का प्रयास है कि आस्था के इस महापर्व में किसी को भी असहाय महसूस न होने दिया जाए। उनके अनुसार, मेले की विशालता को देखते हुए पुलिस बल को संवेदनशील व्यवहार के निर्देश दिए गए हैं, ताकि व्यवस्था के साथ-साथ आत्मीयता भी बनी रहे।

### सहायता केंद्रों से मिल रहा है त्वरित मार्गदर्शन

पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव ने बताया कि मेले क्षेत्र में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को मार्ग की जानकारी सहजता से मिल सके। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर श्रद्धालु निकटतम सहायता केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं, जहां पुलिसकर्मी तत्परता से मदद प्रदान कर रहे हैं।

### आपातकालीन सेवाएं हर समय उपलब्ध

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं–

पुलिस हेल्पलाइनः 112, पुलिस सहायताः 9667600788, एम्बुलेंस सेवाः 108

### आस्था के मेले में सेवा का संदेश

फाल्गुनी लक्खी मेले में जहां एक ओर 'श्याम नाम' की गूंज है, वहीं दूसरी ओर राज-स्थान पुलिस की सेवा भावना श्रद्धालुओं के मन में विश्वास जगा रही है। भीड़ के इस महासागर में जब कोई दिव्यांग भक्त मुस्कुराते हुए अपने आराध्य के दर्शन कर लौटता है, तो वह केवल एक व्यवस्था की सफलता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना की विजय भी होती है।

# मोजाम्बिक पहुंचा भारत का 10वां स्वदेशी लोकोमोटिव

स्मार्ट हलचल | मापुतो



भारत ने एक बार फिर ग्लोबल स्टेज पर लोकोमोटिव (ट्रेन का इंजन) मैन्युफैक्चरिंग में देश की टेक्नोलॉजिकल ताकत और इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस को दिखाया है। भारत ने अपने 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के मुताबिक ग्लोबल साउथ के देश मोजाम्बिक को 3,300 हॉर्सपावर वाले एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं और आखिरी यूनिट भेज दी है।

मोजाम्बिक स्थित भारतीय उच्चायोग ने 23 फरवरी को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक मीडिया रिपोर्ट को साझा करते हुए यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार ये इंजन बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्ल्यू), वाराणसी द्वारा तैयार किए गए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है यह माइलस्टोन बीएलडब्ल्यू की बढ़ती ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है और इंडियन रेलवे की एक भरोसेमंद मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट पार्टनर के तौर पर इंटरनेशनल रेप्युटेशन को मजबूत करता है। राइट्स लिमिटेड के जरिए किए गए एक एक्सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट के तहत तय टाइमफ्रेम के अंदर लोकोमोटिव को विभिन्न चरणों में बनाया गया था। बीएलडब्ल्यू में डिजाइन और मैन्युफैक्चर किए गए, ये स्टेट-ऑफ-द-आर्ट 3,300 एचपी केप गेज (1,067 एमएम) लोकोमोटिव 100 किमी प्रति घंटा तक की स्पीड से ऑपरेट करने में समर्थ हैं। ये इंजन इंटरनेशनल स्टैंडर्ड को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, जिनमें एडवांस्ड एसी-एसी ट्रैक्शन टेक्नोलॉजी, एक मॉडर्न और एर्गोनोमिक कैब डिजाइन और रेफ्रिजरेटर, हॉट प्लेट तथा मोबाइल होल्डर जैसी बेहतर ड्राइवर-कम्फर्ट सुविधाएं हैं। बीएलडब्ल्यू ने अब तक तंजानिया, वियतनाम, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया, सूडान, अंगोला, म्यांमार, सेनेगल, माली और मोजाम्बिक समेत 11 देशों को 182 लोकोमोटिव एक्सपोर्ट किए हैं, जिसने इन देशों के ट्रेन सिस्टम के डेवलपमेंट और मॉडर्नाइजेशन में काफी मदद की है।

यह कामयाबी साफ तौर पर भारत की बढ़ती टेक्नोलॉजिकल आत्मनिर्भरता, इंडस्ट्रियल काबिलियत और ग्लोबल रेलवे इक्विपमेंट मार्केट में उसके लगातार बढ़ते असर को दिखाती है। यह छोटे-छोटे कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन को आगे बढ़ाने और देश को एक्सपोर्ट हब बनाने में दिशा में काफी उपयोगी साबित होंगे।

# मैराथन धावक पृथ्वीराज ने किया गुरु श्यामदास का सम्मान

**चित्तौड़गढ़।** मैराथन धावक पृथ्वीराज खटीक ने अपने उस्ताद एवं मार्गदर्शक श्यामदास बैरागी के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए टाटा मुम्बई मैराथन का अपना मेडल उन्हें स्मृति चिह्न के रूप में समर्पित कर सम्मानित किया।

धावक पृथ्वीराज खटीक ने मंगलवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में अपने उस्ताद का पगड़ी, मोतियों की माला, मेडल पहना कर सम्मान किया।

# 11 छात्राओं को साइकिलें वितरित



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** ग्रामीण अंचल की बेटियों के चेहरे उस समय खुशी से खिल उठे जब राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीणो का नयागांव में कक्षा 9वीं की 11 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। यह सिर्फ साइकिलों का वितरण नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को रफ्तार देने का सशक्त प्रयास है।

समारोह में प्रशासक रामप्रसाद मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उप-स्थित रहे। राजू लाल विशिष्ट अतिथि रहे तथा विद्यालय के प्राचार्य आनंदी लाल मीणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल की चाबी सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्य अतिथि रामप्रसाद मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कई छात्राओं को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर विद्यालय आना पड़ता है, जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है। साइकिल मिलने से अब समय की बचत होगी, नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी।

प्राचार्य आनंदी लाल मीणा ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो जीवन की दिशा बदल देती है। उन्होंने छात्राओं से संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे इस सुविधा का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और परिवार व समाज का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की। समारोह में दुर्गा लाल, बुद्धिप्रकाश बैरवा, गायत्री, ख्यालु राम मीणा, प्रदीप आलोरिया सहित विद्यालय स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बीकानेर-मेडता रोड-डिगाना खंड में बड़ी परियोजना, समपार फाटक संख्या 99 पर बनेगा आरयूबी

## 25 फरवरी को 12 घंटे का ब्लॉक; दो प्रमुख ट्रेनों का ठहराव बदला

स्मार्ट हलचल



**जोधपुर।** जोधपुर मंडल के अंतर्गत बीकानेर-मेडता रोड-डिगाना रेल खंड पर स्थित एमटीडीबी यार्ड के समपार फाटक संख्या 99 के स्थान पर रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण कार्य को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह परियोजना क्षेत्र में यातायात सुरक्षा और सुगमता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। निर्माण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए 25 फरवरी 2026 (बुधवार) को 12 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार ब्लॉक सुबह 10:30 बजे से रात 10:30 बजे तक प्रभावी रहेगा।

समपार फाटक संख्या 99ए किमी 0/7-0/8) लंबे समय से स्थानीय यातायात के लिए महत्वपूर्ण बिंदु रहा है। रेल एवं सड़क यातायात की बढ़ती आवृत्ति के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनती रही है।

### आरयूबी के निर्माण के बाद—

सड़क यातायात बिना रेल फाटक बंद हुए निर्बाध रूप से संचालित हो सकेगा। फाटक पर प्रतीक्षा समय समाप्त होगा। दुर्घटनाओं की संभावनाओं में कमी आएगी। क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी संपर्क को मजबूती मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

12 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉकः संचालन पर असर

निर्धारित ब्लॉक अवधि के दौरान संबंधित रेल खंड पर यातायात संचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य करने हेतु यह ब्लॉक आवश्यक बताया गया है।

रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ब्लॉक के दौरान सभी तकनीकी एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

दो प्रमुख ट्रेनों के संचालन में बदलाव

ब्लॉक के कारण निम्नलिखित ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है–

ट्रेन संख्या 19720 (सूरतगढ़-जयपुर), यात्रा तिथि 25.02.2026

ट्रेन संख्या 12468 (जयपुर-जैसलमेर)

इन ट्रेनों का ठहराव मेड़ता रोड बी स्टेशन के स्थान पर मेड़ता रोड मुख्य स्टेशन पर किया जाएगा।

साथ ही, इंजन रिवर्सल की प्रक्रिया भी एमटीडी यार्ड में संपन्न की जाएगी, जिसके कारण प्रत्येक ट्रेन के निर्धारित समय में लगभग 20 मिनट की अतिरिक्त वृद्धि होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस अतिरिक्त समय को संचालन योजना में समायोजित कर लिया गया है।

रेल प्रशासन ने यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं–

ऊर्जा/ईंधन की खपत समय सारिणी में निर्धारित निर्धारित सीमा के भीतर रखी जाएगी।

सभी संबंधित स्टेशनों पर अग्रिम सूचना, उद्घोषणा एवं नोटिस के माध्यम से यात्रियों को जानकारी दी जाएगी।

ICMS एवं NTES पोर्टल को अद्यतन कर ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

रेल प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि स्टेशन स्टाफ और नियंत्रण कक्ष के बीच समन्वय मजबूत रखा जाएगा ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति का त्वरित समाधान किया जा सके।

क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बढावा, विशेषज्ञों का मानना है कि आरयूबी निर्माण से– स्थानीय व्यापार एवं परिवहन गतिविधियों को गति मिलेगी एम्बुलेंस, स्कूल बस और अन्य आपात सेवाओं को निर्बाध मार्ग मिलेगा,ग्रामीण संपर्क सुदृढ़ होगा,समय एवं ईंधन की बचत होगी।यह परियोजना रेलवे के सुरक्षा उन्नयन एवं आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण अभियान का हिस्सा है।

यात्रियों से अपील

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे 25 फरवरी को यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। किसी भी असुविधा से बचने के लिए समय से स्टेशन पहुंचें और रेलवे द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

समपार फाटक संख्या 99 पर आरयूबी निर्माण कार्य को क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक लाभकारी कदम बताते हुए अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह परियोजना सुरक्षित, आधुनिक और सुगम रेल-सड़क यातायात की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## अगर आपके हाथ पैरों का भी बड़ गया है कालापन तो दूर करने के लिये फॉलो करें यह टिप्स

आमतौर पर अंडरआर्म ज्यादातर लोगों के लिए काला होता है। अत्यधिक पसीने के कारण यहां अंधेरा दिखाई देता है। यह कालापन आत्मविश्वास को कम करता है। इस वजह से महिलाओं के लिए स्लीवलेस और कट स्लीव के कपड़े पहनने का सपना अधूरा है। यदि अत्यधिक पसीने को रोकने के लिए किसी डिओडोरेंट का उपयोग किया जाता है, तो वे त्वचा को और अधिक काला करने का जोखिम उठाते हैं।कोई भी प्राकृतिक उपचार त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। जानिए पसीने के कारण त्वचा का कालापन कैसे दूर करें।

**संकलो में काले मुद्दे को हल करने का तरीका यहां दिया गया है**



ट्वनहाने के तुरंत बाद कपड़े न पहनें। दो से तीन मिनट प्रतीक्षा करें। इस दौरान शरीर को सामान्य तापमान पर आना चाहिए। बैक्टीरिया के संक्रमण आदि के कारण नमी के कारण होने वाले संक्रमण से बचने के लिए शरीर को ठीक से सूखने दें।

ट्वअतिरिक्त बालों से बचने के लिए नियमित रूप से शेविंग करते रहें। ऐसा करने से नमी और गंध नहीं आती है। इससे कालेपन से बचा जा सकता है।

प्रसंस्कृत भोजन, शराब और अन्य चीजों के सेवन से बचें जिससे अत्यधिक पसीना आता है, उच्च वसा वाले खाद्य पदार्थों से बचें।

– शरीर में पसीना कम करने वाले पानी, कैल्शियम, बादाम आदि से भरपूर पानी का अधिक सेवन करना चाहिए।

– मौसम के हिसाब से कपड़े चुनें, यानी गर्मियों में कॉटन, थोड़े ढीले कपड़े जिससे ज्यादा तनाव न हो। संकल्प को ज्यादा पसीना नहीं आता।





# रेस्टोरेंट या बाहर का खाना खाने से अब नहीं बढ़ेगा वजन

**वीकेंड हो या कोई त्योहार हम में से ज्यादातर लोग अपने परिवार के साथ अक्सर डिनर और लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जाना पसंद करते हैं. वहीं घर से बाहर रहने वाले स्टूडेंट या नौकरी करने वाले लोग भी ज्यादातर समय खाना ऑनलाइन ही ऑर्डर करते हैं. ऐसे में हम जब भी खाना रेस्टोरेंट से ऑर्डर करते हैं तो कई लोग सलाह देते है कि बाहर का खाना खाने से वजन बढ़ जाएगा और मोटापा कि समस्या घेर लेगी. क्योंकि, बाहर खाए जाने वाले भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में ज्यादा कैलोरी और फैट होती है और बाहर खाना अनजाने में वजन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है.**

हालांकि, कुछ रणनीतियां हैं जिनका उपयोग करके आप भोजन योजना का पालन करते हुए भी बाहर खाने का आनंद ले सकते हैं...

न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे रेस्टोरेंट के कुछ खास फूड आइटम्स आपका वेट कम करने में आपकी मदद कर सकता है.

होटल या रेस्टोरेंट में खाना खाते या ऑर्डर करते समय इन 10 हेल्दी और वेट कम करने वाले फूड आइटम्स का जरूर रखें ध्यान

सुशी– कम कैलोरी, हाई फाइबर का सबसे अच्छा ऑप्शन है. ब्राउन चावल और सब्जी से भरे इस रोल का ऑप्शन जरूर चुनें.

पनीर टिक्का– हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के लिए पनीर टिक्का का ऑप्शन बेहतर है. इसे सब्जियों और साबुत अनाज के साथ खाएं.

वेजिटेबल कबाब

लो कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर ग्रिल्ड या रोस्टेड कबाब का विकल्प चुनें.

भूनी हुई सब्जियां और पनीर

हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के साथ भूनी हुई सब्जियां और पनीर का ऑप्शन जरूर चुनें, इसके साथ साबुत अनाज चुनें और ज्यादा सब्जियां खाएं.

सब्जी दाल सूप

कम कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ऑप्शन के लिए चुनें.

खिचड़ी

कम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत अनाज, दाल और सब्जियों से बना खिचड़ी

स्टीम्ड वेजिटेबल डम्प्लिंग

मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत गेहूं या सब्जी आधारित रैपर चुनें.

होल व्हीट मशरूम रैप

मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए अधिक मात्रा में सब्जियां खाएं और कम कैलोरी वाले सॉस का चुनाव करें.

क्विनोआ बाउल विद ग्रिल्ड पनीर

हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी विकल्प के लिए इसे चुनें. बता दें, क्विनोआ फाइबर प्रदान करता है, जबकि पनीर प्रोटीन प्रदान करता है.

बेसन चीला

मीडियम कैलोरी, हाई प्रोटीन ऑप्शन के लिए बेसन, सब्जियों और मसालों से बनाया गया चीला चुनें.

ऑर्डर करते समय, याद रखें...

रिफाइंड अनाज, की जगह साबुत अनाज चुनें.

अधिक मात्रा में सब्जियां और फलियां खाएं.

ग्रिल्ड, रोस्टेड या स्टीम्ड विकल्प चुनें.

ज्यादा कैलोरी और चीनी वाले सॉस और ड्रेसिंग का सेवन सीमित करें.

खूब पानी पियें और मीठे पेय पदार्थों का सेवन सीमित करें. इन विकल्पों को चुनकर, आप अपने वजन घटाने के लक्ष्य और समग्र कल्याण में सहायता करेंगे.

## स्किन के लिए गुणकारी है पत्थरचट्टा, जानें कैसे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं

स्किन के लिए जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए अक्सर हम कई तरह के घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप भी अपनी स्किन को हेल्दी रखना चाहते हैं, तो पत्थरचट्टा की पत्तियों का भी प्रयोग कर सकते हैं, आइए आपको बताते हैं कैसे इस्तेमाल करें।

खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से है कई सारी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने के लिए महिलाएं महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का प्रयोग कर सकते हैं। आमतौर पर कई महिलाएं पार्लर जाकर मेकअप या स्किन ट्रीटमेंट स्किन को स्वस्थ रखने के लिए किया जा सकता है, इसमें पत्थरचट्टा भी शामिल है। स्किन से जुड़ी समस्याओं से बचाव या राहत का लिए आप अपने स्किन केयर रुटीन में पत्थरचट्टा भी यूज कर सकते हैं। पत्थरचट्टा की पत्तियां एक्ने से राहत दिलाने में मदद करती है। स्किन की एलर्जी कम होती है।

पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं

पत्थरचट्टा की पत्तियां में फ्लेवोनोइड्स, एल्कलॉइड्स और ग्लाइकोसाइड्स समेत कई बायोएक्टिव कंपाउंड्स पाए जाते हैं। यह आपकी स्किन पर एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव पैदा करते हैं, जिससे खुजली जैसी समस्या से राहत मिल सकती है। आइए आपको बताते हैं कैसे इसका प्रयोग करें।

– पत्थरचट्टा की पत्तियों को कुचलकर थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपनी स्किन के प्रभावित त्वचा पर 15 मिनट के लिए लगाएं और बाद में गुनगुने पानी से अपना मुंह धो लें। – पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल करके आप फेस मास्क के रुप में भी यूज कर सकते हैं। इन पत्तियों का फेस मास्क बनाने के लिए पहले आप इन्हें अच्छे तरीके से ग्राइंड कर



## अगर आप एक महीने तक चाय पीना पूरी तरह बंद कर दें तो क्या होगा?

चाय आज के समय में लगभग हर किसी के जीवन का हिस्सा है. रोज सुबह बिस्तर से उठते ही चाय की चुस्की के साथ अपना नींद खोलना बहुत से लोगों को बेहद अच्छा लगता है. वहीं, नाश्ते के समय भी ज्यादातर लोग चाय पीते हैं. ऐसे में देखा जाए तो बहुत से लोग दिन में कई बार चाय का सेवन करते हैं. अधिकतर लोगों को चाय की ऐसी लत होती है कि वे दिनभर में 3 से 4 बार इसका सेवन करते है. हालांकि, अधिक मात्रा में चाय के सेवन सेहत के लिए नुकसानदेह होता है .

### एक महीने तक चाय न पीने के फायदे

चाय हमारे देश में लगभग 90 प्रतिशत लोगों का पसंदीदा हॉट ड्रिंक है. कुछ लोगों को सुबह उठते ही चाय पीने की इच्छा होती है, तो वहीं कुछ लोग दिन में अनगिनत बार चाय पीते हैं. क्योंकि चाय में निकोटिन जैसा ही तत्व तंबाकू में भी होता है. लोगों की इसकी लत लग जाती है. चाय एक प्रकार की ऊर्जा और ताजगी का भी सोर्स है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि हम जो चाय रोजाना पीते हैं उसमें मौजूद चीनी की मात्रा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर सकती है?

चाय प्रेमियों के लिए एक महीने तक चाय न पीना वाकई एक बड़ी चुनौती जैसा होगा, लेकिन चाय पीने की इच्छा पर अंकुश लगाने से उनके स्वास्थ्य को अनगिनत फायदे मिल सकते हैं. आमतौर पर हम जो चाय पीते हैं उसमें चीनी की मात्रा अधिक होती है. इससे कैलोरी बढ़ती है. इसके अलावा स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, चाय में ज्यादा चीनी की मात्रा पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती है.

### एक महीने तक शुगर-फ्री रहने के फायदे

इसलिए अगर आप एक महीने के लिए मीठी चाय पीना बंद कर देते हैं, तो आपका पाचन बेहतर हो जाएगा. इससे वजन भी कम होता है. इतना ही नहीं इससे आपको कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी नहीं होंगी. यदि आप एक महीने तक चीनी वाली चाय नहीं पीते हैं तो, आपके ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहेगा, चीनी के लिए कम लालसा होगी, आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे, दांत की सेहत बेहतर हो जाएगी, और संभावित रूप से स्किन साफ हो जाएगा, क्योंकि ज्यादा चीनी का सेवन मुंहासे में योगदान कर सकता है. हालांकि, चीनी को पूरी तरह से छोड़ने के पहले कुछ दिनों के दौरान आपको लालसा और थकान जैसे वापसी के लक्षणों का अनुभव हो सकता है.

कई अध्ययनों से पता चला है कि एक महीने तक मीठी चाय से परहेज करने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है. मीठी चाय पीने से त्वचा पर दाने और छाले हो सकते हैं. इसलिए बेहतर है कि अपनी त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए मीठी चाय न पियें. चाय पीने की आदत से बचने से सीने में जलन, चक्कर आना और हृदय गति में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है. अगर आपके हाथ कांप रहे हैं तो चाय पीने से समस्या और बढ़ सकती है. इसके अलावा, यदि आप चाय पीना बंद कर दें तो हाई ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाएगा.



# चेहरा टैनिंग के कारण दिखता है मुरझाया हुआ तो लगा लें ये 5 डी टैन पेस पैक्स, खिल उठेगी त्वचा

**धूप चाहे गर्मियों की हो या सर्दियों की, बहुत ज्यादा देर तक त्वचा के संपर्क में आती है तो टैनिंग की वजह बन जाती है. टैनिंग के कारण ऐसा लगता है जैसे चेहरे पर दाग-धब्बे पड़ गए हैं या मैल जम गया है. इस टैनिंग को कम करने के लिए घर पर ही कुछ फेस पैक्स बनाकर लगाए जा सकते हैं. ये फेस पैक्स स्किन पर निखार लाने का काम करते हैं. इनसे टैनिंग हल्की होने लगती है और त्वचा को उसकी खोई हुई चमक वापस मिल जाती है. यहां जानिए कौनसे हैं ये फेस पैक्स और किस तरह इन्हें घर पर ही आसानी से बनाकर चेहरे पर लगाया जा सकता है.**

### टमाटर का फेस पैक

त्वचा की टैनिंग कम करने में टमाटर कमाल का असर दिखाता है. टमाटर से फेस पैक बनाने के लिए टमाटर के पल्प को निकालें और इसमें थोड़ा सा खीरे का रस मिला लें. आप चाहे तो टमाटर को सादा भी चेहरे पर लगा सकते हैं. टमाटर के पल्प को 15 से 20 मिनट त्वचा पर लगाकर रखने के बाद धोकर हटाएं. त्वचा पर जमी डेड स्किन सेल्स भी निकलने लगती हैं. टमाटर सन डैमेज को कम करने में मददगार होता है.

### दूध और हल्दी

टैनिंग हल्की करने के लिए इस सदियों से चले आ रहे नुस्खे को आजमाकर देखा जा सकता है. एक कटोरी में दही लें और उसमें थोड़ी सी हल्दी मिला लें. दही और हल्दी के इस मिश्रण को चेहरे पर रूई की मदद से लगा लें. इसे चेहरे पर लगाकर तकरीबन आधे घंटे रखें और फिर धोकर हटाएं. हफ्ते में 2 बार इस मिश्रण को लगाकर देखा जा सकता है.

### बेसन और दही

चेहरे पर बेसन और दही को लगाने पर त्वचा एक्सफोलिएट होती है और चेहरे पर जमी डेड स्किन सेल्ट हटने लगती हैं. बेसन और दही त्वचा से मैल छुड़ाकर त्वचा को दमकदार बनाता है. कटोरी में 2 चम्मच बेसन लें और इसमें जरूरत के अनुसार दही मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें. इस फेस पैक को चेहरे पर लगाकर 15 से 20 मिनट रखें और फिर हल्के हाथों से मलते हुए छुड़ा लें.

### मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा

सनटैन दूर करने में मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा का भी अच्छा असर दिखता है. एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में 2 चम्मच एलोवेरा जैल मिलाएं. इस फेस पैक को चेहरे पर 15 मिनट लगाकर रखा जा सकता है. इसे छुड़ाने के बाद चेहरे पर मॉइश्चराइजर लगाना ना भूलें.



### मलाई और केसर

मलाई को चेहरे पर सादा या फिर केसर के साथ मिलाकर लगाया जा सकता है. इससे त्वचा का रूखापन दूर होता है, मैल हटता है और टैनिंग कम होने में असर दिखता है. एक कटोरी में चम्मच भरकर मलाई और 1-2 केसर के छल्ले डालकर मिलाएं. इसे उंगलियों पर लेकर चेहरे पर पर मलें. आपको दिखेगा कि चेहरे पर जमा मैल छूटकर निकलना शुरू हो गया है. मलाई को चेहरे पर मलने के बाद पानी से धोकर छुड़ा लें.

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com